
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



काली खेती का डरावना ट्रेलर रिलीज जैकी-शरद की दमदार एक्टिंग

क्रिकेटर अर्शदीप से हुई सगाई

वर्ष : 12 | अंक : 315 | लखनऊ, 14 नवम्बर ,शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

जाजपुर में बस-ट्रक की टक्कर ,40 पर्यटक जख्मी

जाजपुर। ओडिशा के जाजपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर शुक्रवार को एक खड़े ट्रक से एक बस के टकराने से पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के करीब 40 पर्यटक घायल हो गए जिनमें से 2 की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा प्रातः करीब छह बजे बडचना ओवरब्रिज के पास हुआ।



रामपुर के पूर्व मंत्री का भाजपा से इस्तीफा

शिमला। हिमचल प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। पूर्व मंत्री एवं रामपुर के पूर्व विधायक सिंधी राम ने भाजपा को अलविदा कह दिया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को अपना इस्तीफा भेज दिया है। भाजपा में खुद को सहज महसूस नहीं करने की बात कहते हुए अलग होने का निर्णय लिया है।



महादेव सट्टा एपः चंद्राकर 19 तक रिमांड पर

रायपुर। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने 19 नवंबर तक ईडी की रिमांड पर सौंप दिया है। शुक्रवार को उसे प्रोडक्शन वारंट पर हथकड़ी लगाकर रायपुर सेंट्रल जेल से कोर्ट लाया गया था। बहस के बाद कोर्ट ने ईडी के पक्ष में फैसला सुनाया। 7 दिन की ईडी रिमांड पर भेजा है।



जेईई एडवांस्ड 2027 परीक्षा की तिथि घोषित

नई दिल्ली। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली ने जेईई एडवांस्ड 2027 की परीक्षा तारीख घोषित कर दी है। इस साल परीक्षा का आयोजन 23 मई 2027 को किया जाएगा। आईआईटी दिल्ली परीक्षा की आयोजन संस्था है। उम्मीदवार पोर्टल पर शर्तों और घोषणाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



प्रधानमंत्री ने कर्नाटक को दी 15,000 करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात

मध्यम वर्ग को आर्थिक प्रगति में भागीदार बनाया जा रहा, अब ये बिजली उत्पादक बन रहे



डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु में कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी 15,000 करोड़ रुपएसे अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ये परियोजनाएं कर्नाटक की विकास यात्रा को नई गति देंगी और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यपाल सुधा यादव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पति ने कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था। उसके बाद भी उन्होंने मां भारती की सेवा का प्रण निभाय और संसद से लेकर अब कर्नाटक में सेवाभाव से काम कर रही हैं।

परियोजनाएं विकास यात्रा को नई गति देंगी और विकसित भारत के निर्माण में योगदान

ये परियोजनाएं कर्नाटक के बुनियादी ढांचे में नई जान फूंक देंगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कर्नाटक की विकास यात्रा को एक नई गति देने वाला है। मेट्रो और रेलवे से जुड़ी पहलों से लेकर ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित कार्यों तक, ये सभी परियोजनाएं कर्नाटक के बुनियादी ढांचे में नई जान फूंक देंगी।



लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी

भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता अब 300 गीगावाट

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता अब 300 गीगावाट को पार कर गई है। नागरिक अब सिर्फ बिजली के उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक भी बन रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि मध्यम वर्ग की बचत बढ़े, क्रय क्षमता मजबूत हो और वे अपने परिवार के सपनों के साथ देश की आर्थिक प्रगति में भी भागीदार बनें।उन्होंने सभी को नई परियोजनाओं की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगी।

मध्यम वर्ग को किया जा रहा मजबूत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि बेंगलूरु की बड़ी नव-मध्यम वर्गीय आबादी के हित भी केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। सरकार मध्यम वर्गीय परिवारों की बचत बढ़ाने और उनके हाथों में अधिक पैसा पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है।

शहर की तारीफ भी की

उन्होंने कहा कि बेंगलूरु भारत की 'सिलिकॉन वैली' है। देश के आईटी निर्यात में इसका योगदान एक-तिहाई से भी अधिक है। यह शहर भारत में नवाचार और आर्थिक विकास का एक प्रमुख इंजन है।मैं इसकी सराहना करता हूं।

प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में लिया हिस्सा

योग भारत को जानने का प्रवेश द्वार, सेवा के लिए सराहना की

प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने 'प्रशांत कुटीरम' के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती सदियों से योग का केंद्र रही है। योग से जुड़े कितने ही आचार्यों और विद्वानों ने यहां जन्म लिया है और योग की परंपरा को समृद्ध भी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे योग की असाधारण ऊर्जा का अनुभव करने का अवसर मिला है। कर्नाटक सदियों से योग का केंद्र रहा है। वहां कई जाने-माने योग गुरुओं और विद्वानों का जन्म हुआ, जिन्होंने इस प्राचीन परंपरा को



समृद्ध किया। प्रशांति कुटीरम में जो शुरुआत हुई थी, वह अब योग शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान बन गई है। योग के साथ-साथ, आपने आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को मिलाकर एक समग्र वेलनेस इकोसिस्टम भी विकसित किया है। तनाव से जुड़ी चुनौतियों और जीवनशैली से होने वाली बीमारियों जैसे क्षेत्रों में किए गए शोध ने दुनिया भर के लोगों की मदद की है। मैं इन उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रशांति कुटीरम की सराहना करता हूं।

भारत समिट पर थरूर ने उठाए सवाल

अंतिम समय पर 115 मेहमानों की एंट्री रद्द करना शर्म की बात

यह एक फैसला, जिसे बदला नहीं जा सकता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में हुई भारत समिट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि इस सम्मलेन में आने वाले करीब 115 वक्ताओं को विदेश मंत्रालय की मंजूरी के बाद रोक दिया है। केरल से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इसे देश के लिए शर्म की बात करार दिया। उन्होंने इस विदेशी मेहमानों को रोकने के इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए **कहा कि** यह एक फैसला है, **जिसे** बदला नहीं जा सकता है। क्योंकि अब यह सम्मेलन हो चुका है। थरूर ने इस कार्यक्रम में विदेशी मेहमानों की एंट्री पर रोक लगाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा, भारत समिट के घटनाक्रम से जुड़ी एक निराशाजनक बात सामने आई है। जब मैं हैदराबाद पहुंचा, तो मुझे पता चला कि विदेश मंत्रालय ने जिन 315 वक्ताओं को विदेश मंत्रालय ने मंजूरी दी थी, उनमें से 115 को भारत में प्रवेश करने पर रोक दिया क्या या उनके वीजा रद्द कर दिए गए।

यह फैसला गलत रहा



गौरवशाली लोकतंत्र इतना असुरक्षित हो गया

थरूर ने जोर देकर पूछा कि आखिर गृह मंत्रालय ने किस नियम के आधार पर इन विदेशी नागरिकों की एंट्री को रोका है? उन्होंने लिखा, **ऐसा लगता है कि यह सब गृह** मंत्रालय के निर्देशों **पर** हुआ है। यह **बिल्कुल साफ नहीं है कि आखिर गृह मंत्रालय** ने किन नियमों **के आधार** पर इतना **कठोर कदम** उठाया है। लेकिन अब इसे पलटना नामुमकिन है क्योंकि यह सम्मेलन हो चुका है। कांग्रेस सांसद थरूर ने जोर देकर कहा कहा कि यह कितने शर्म की बात है कि एक गौरवशाली लोकतंत्र इतना असुरक्षित हो गया है कि उसे उन आवाजों को दबाना पड़ रहा है, जिनसे उसे आलोचना का डर है।

70 से देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

हैदराबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में 70 से देशों के प्रतिनिधि हिस्सा लेने वाले हैं। 13 और 14 नवंबर को होने वाले इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई बड़े नेता शामिल होंगे। इसके अलावा इसमें करीब 315 विदेशी मेहमान भी शामिल होने थे, लेकिन अंतिम समय पर 113 की भारत में एंट्री रद्द कर दी गई। जिन लोगों की भारत में एंट्री को रोका गया है उनमें पीएम मोदी से चिल्लाकर सवाल पूछने वाली नार्वेजियन पत्रकार हेले लिंग भी शामिल थीं।

बागपत के दोघट में 2 पक्षों में बवाल

पुलिस पर पथराव, 12 घायल 54 पर रिपोर्ट और 18 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दोघट कस्बे की पट्टी तिरोसिया में शराब के नशे में कहासुनी होने पर अनुज कश्यप और सावन कश्यप पक्ष आपस में भिड़ गए। इनमें लाठी-डंडे, धारदार हथियार चले और पथराव हो गया। लोगों ने घरों में घुसकर जान बचाई। पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराने का प्रयास किया तो उन पर भी पथराव किया गया। उमहिलाओं समेत 12 लोग घायल हो गए। 34 नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर 18 को गिरफ्तार कर लिया।



पुराने विवाद पर फिर उलझे

पट्टी तिरोसिया निवासी अनुज और सावन पक्ष में 10 दिन पहले झगड़ा हो गया था, जिसे लोगों ने शांत करा लिया था। बुधवार रात अनुज दुकान से घर जा रहा था। रास्ते में सावन के साथ पुराने झगड़े को लेकर कहासुनी हो गई।

उत्तर प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 38 अधिकारियों के तबादले

लखनऊ विकास प्राधिकरण को मिला नया उपाध्यक्ष, सीतापुर, बिजनौर, महाराजगंज और सिद्धार्थनगर समेत कई जिलों के जिलाधिकारी बदले

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 38 अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जारी तबादला सूची में कई जिलों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष तथा विभिन्न विभागों में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस फेरबदल को प्रशासनिक व्यवस्था में नई ऊर्जा और कार्यशैली में तेजी लाने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। जारी सूची के अनुसार, अनुज सिंह को लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे प्रथमेश कुमार को सीतापुर का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। सीतापुर के जिलाधिकारी राजागणपति आर को सूडा का निदेशक बनाया गया है। गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को मेरठ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष तथा मंडलीय खाद्य नियंत्रक मेरठ की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल को गाजियाबाद का नगर आयुक्त बनाया गया है। गोरखपुर के मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी को वाराणसी का नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है तथा अभिषेक कुमार को गोरखपुर का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। अयोध्या के मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह को यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है, जबकि इसी प्राधिकरण में तैनात राजेश कुमार को अयोध्या का मुख्य विकास अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोएडा में तैनात वंदना त्रिपाठी को अपर आयुक्त सहारनपुर तथा प्रीति जायसवाल को नोएडा का अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। जिलाधिकारियों के स्तर पर भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। महाराजगंज के जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल को सिद्धार्थनगर तथा सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को महाराजगंज भेजा गया है। मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को नगर विकास विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है, जबकि ग्रेटर नोएडा में तैनात सुनील कुमार सिंह को मुजफ्फरनगर का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। बिजनौर के जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को लोक निर्माण विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है तथा जोगिंदर सिंह को बिजनौर का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा मेरठ, अलीगढ़, फतेहपुर, श्रावस्ती, फिरोजाबाद और अन्य जनपदों में भी अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत नगर विकास, राजस्व, खाद्य एवं रसद, नमामि गंगे, ग्रामीण जलापूर्ति तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में भी नई तैनातियां की गई हैं। सरकार के इस फैसले से प्रदेश की प्रशासनिक मशीनरी में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। अब नई जिम्मेदारियां संभालने वाले अधिकारियों के सामने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में विकास योजनाओं को गति देने, जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और शासन की प्राथमिकताओं को जमीन पर उतारने की चुनौती होगी।

मौसम विभाग ने फिर जारी की चेतावनी

सभी लोग हो जाएं सावधान

अब एक और चक्रवाती तूफान आ रहा, कई राज्यों में होगी भारी बारिश

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके 14 नवंबर को एक कम दाब के क्षेत्र और 15 नवंबर को डिप्रेशन में बदलने की संभावना है।

इसके बाद, उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा और 16 नवंबर की शाम के आसपास मध्य बंगाल के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। यह तीसरा चक्रवाती तूफान होगा। कई राज्यों में भारी बारिश और तूफान की आशंका है।

आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा में होगी बरसात



तूफान से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा जैसे राज्यों में भारी बारिश होगी। 15 नवंबर और 16-19 नवंबर के बीच तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, 19 नवंबर तक लक्षद्वीप, 14-19 नवंबर के बीच तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा में बारिश होगी।

ओडिशा में सतर्क किया

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने 16 नवंबर को शाम में बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती तूफान उठने के मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के बाद शुक्रवार को राज्य के तटीय और दक्षिणी हिस्सों के जिलाधिकारियों को सतर्क किया है।

महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों गुटों के विलय पर सियासत गरम

सुनेत्रा के घर पर एनसीपी विधायकों ने की मंत्रणा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सरकार के मंत्री दत्तात्रय भरणे ने विलय की अटकलों को खारिज किया

अन्य मुद्दों पर बैठक में की चर्चा: पार्टी के मंत्री

महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के विलय को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हैं। इसी बीच उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के पुणे स्थित आवास पर पार्टी के कई विधायकों की मुलाकात हुई। इस बैठक के बाद महाराष्ट्र सरकार के मंत्री दत्तात्रय भरणे ने विलय की अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि विधायकों की मुलाकात का मकसद राजनीतिक चर्चा करना नहीं, बल्कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में सूखे की स्थिति और उससे निपटने के उपायों पर बात करना था।



सुनेत्रा पवार

भरणे ने सुनेत्रा के आवास 'जिजाई' पर हुई मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एनसीपी की ओर से विलय को लेकर कोई बैठक नहीं बुलाई गई थी। कुछ विधायक पुणे में मौजूद थे और उन्होंने सुनेत्रा से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य रूप से सूखे के कारण पैदा हुई समस्याओं, किसानों की जरूरतों और विधानसभा क्षेत्रों में किए जाने वाले जरूरी कामों पर चर्चा हुई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी के विधायकों में किसी तरह की नाराजगी नहीं है और सभी सुनेत्रा के नेतृत्व के साथ खड़े हैं।

सुले ने विलय को किया खारिज

राजनीति में राकांपा के दोनों गुटों के विलय की अटकलों के बीच सुप्रिया सुले ने विलय की संभावनाओं को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा यह अध्याय उनके भाई अजित पवार के निधन के साथ ही समाप्त हो गया था। एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुले ने कहा कि विलय के लिए किसी ने संपर्क नहीं किया है।



इनकार के बावजूद राजनीति में हलचल

अजित के निधन के बाद एनसीपी अध्यक्ष और महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री बनीं सुनेत्रा पवार ने बारामती में विलय की अटकलों पर सीधे जवाब देने से बचते हुए कहा था कि समय आने पर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सुप्रिया के इनकार के बावजूद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल जारी है।

रास्ते पर अतिक्रमण का विरोध करने पर मारपीट, चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के लीलाखेड़ा गांव में रहने वाले राम नरेश ने गांव के ही इंद्रसेन, मनोज, स्वमिल और सचिन के खिलाफ रास्ते पर किए गए अतिक्रमण का विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के लीलाखेड़ा मजरा खांडे देव निवासी रामनरेश के मुताबिक 12 नवंबर गुरुवार की सुबह करीब 7:30 बजे गांव के रास्ते पर अतिक्रमण का विरोध करने पर इन्द्रसेन, मनोज, स्वमिल और सचिन ने उनके भाई गौतम व गोपी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इस दौरान रामनरेश ने बीच-बचाव करते हुए उन्हें समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि इस पर चारों लोगों ने रामनरेश सहित तीनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिससे वह चोटिल हो गए। तब पीड़ित राम नरेश ने घटना की सूचना डॉयल 112 पर दी। फिलहाल रामनरेश की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत

सूर्य व प्रकृति उपासना के महापर्व छठ को लेकर बाजारों में रही रौनक

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सूर्य देव व प्रकृति उपासना के चार दिवसीय लोकआस्था के महापर्व छठ की शुक्रवार को नहाय-खाय से शुरूआत हो गयी। इसी क्रम में शनिवार को खरना, रविवार को सूर्य देव को संध्या अर्घ्य और सोमवार की सुबह उगते सूर्य को उषा अर्घ्य व पारण किया जाएगा। खरना की पूजा के बाद व्रती लगभग 36 से 40 घंटे तक निर्जला उपवास रखते हैं, जो इस पर्व की दृढ़ता, व्रती की इच्छाशक्ति तथा भक्ति व विश्वास का अद्भुत उदाहरण है। इसबीच एक बार फिर से बाजार महापर्व छठ के व्रत-पूजन से जुड़ी सामग्रियों से पूरी तरह सज-धजकर तैयार दिखे। बाजार की शोभा बढ़ा रहे तरह-तरह के मौसमी फल प्रकृति के ऐसे अनमोल रत्न हैं जो हमें प्रकृति की रक्षा और उनकी उर्वरा शक्ति को सहेजकर रखने का सन्देश भी देते हैं। इसी तरह मिट्टी के बर्तनों और सूप व दौरा की भी पूजा में खास अहमियत है। सूयोर्पासना और छठी मैया की उपासना के इस महापर्व पर प्रकृति प्रदत्त इन सभी सामग्रियों को सजाकर सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही परिवार की खुशहाली, समृद्धि, संतान की लम्बी उम्र, मनोकामना पूर्ण होने और उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रसाद के रूप में इन्हें ग्रहण किया जाता है। मौसम परिवर्तन की दृष्टि से भी मानसिक, वाचिक और कायिक शुद्धता के रूप में भी इस व्रत-पूजन की खास वैज्ञानिक महत्ता है। भगवान सूर्य को जीवन प्रदान करने के साथ ही ऊर्जा से परिपूर्ण करने और जीवन में उजियारा बिखेरने की मनोकामना से भी विशेष पूजन-अर्चन का विधान है। पृथ्वी पर प्राणियों के अस्तित्व के आधार का भी दर्जा उन्हें ही प्राप्त है। इस तरह कार्तिक मास शुक्ल पक्ष षष्ठी पर उनके इस विशेष पूजन-अर्चन को सूर्य देव की बहन और प्रकृति की देवी छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भी पूरे विधि-विधान से किया जाता है। इसका पौराणिक महत्व भी है, कहा जाता है कि लंका विजय के बाद अयोध्या लौटने पर प्रभु श्रीराम और माता सीता ने छठी मैया का विधि विधान से आराधना और पूजन किया था। सूर्य पुत्र कर्ण के भी विधिवत सूयोर्पासना का वर्णन मिलता है। इस महापर्व पर विभिन्न नदियों के तटों, घाटों पर सूर्य अर्घ्य व पूजन के लिए उमड़ने वाला जनसैलाब सामूहिक एकता का भी जीता-जागता उदाहरण है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मनाया जाने वाला यह महापर्व आज प्रवासी भारतीयों द्वारा पूरे विश्व में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। छठ पूजन की सामग्रियों की खरीदारी में व्यस्त विभा शर्मा व दीपा सागर का कहना है कि यह महापर्व लगातार चार दिनों तक पूरी शुद्धता और सात्विकता के साथ घर-परिवार वालों के साथ मिलकर धूमधाम से मनाया जाता है। भैया दूज के तीसरे दिन से यह महापर्व शुरू होता है। पहले दिन सेंधा नमक, घी से बना हुआ अरवा चावल और कद्दू या लौकी की सब्जी प्रसाद के रूप में ग्रहण की जाती है। अगले दिन से उपवास आरम्भ होता है। व्रत रखने वाले दिनभर अन्न-जल त्याग कर शाम को खीर बनाकर, पूजा करने के उपरान्त प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं, जिसे खरना कहते हैं। तीसरे दिन अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य यानी दूध-जल अर्पण करते हैं। चौथे और आखिरी दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर खुशी -खुशी सपरिवार घर में प्रवेश करते हैं। इस महापर्व पर पूजा-अर्चना में पवित्रता को खास महत्व दिया जाता है। इस दौरान लहसुन, प्याज आदि वर्जित होता है। इस महापर्व पर पारम्परिक लोकगीतों और भक्ति गीतों का भी श्रवण किया जाता है।

10 दिन से लापता सब्जी विक्रेता का शव पेड़ से लटका मिला

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र से करीब 10 दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए 46 वर्षीय सब्जी विक्रेता का शव शुक्रवार शाम उसके घर से करीब 200 मीटर दूर एक पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बंथरा निवासी राकेश साहू अपनी पत्नी प्रेमा साहू, बेटे शौर्य और बेटी वर्तिका व अनन्या के साथ रहकर सब्जी बेचने का काम करते थे। राजेश बीती 4 नवंबर को सुबह करीब 6 बजे घर में बिना कुछ बताए कहीं चले गए। काफी देर बाद भी उनके न लौटने पर प्रेमा ने मामले की सूचना बंथरा पुलिस को दी। इसके बाद बंथरा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। वहीं परिजन भी उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब 5 बजे उनके घर से लगभग 200 मीटर दूर जंगल (पिछवारी बाग) में ग्रामीणों ने एक चिलवल के पेड़ से रस्सी के सहारे शव लटका देखा इसकी जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इसी दौरान प्रेमा भी वहाँ मौके पर पहुंची और मृतक के कपड़ों से उसकी पहचान अपने पति राकेश साहू के रूप में की। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शव कई दिन पुराना लग रहा है। वह काफी सड़ा होने के साथ शरीर का ज्यादातर हिस्सा गल कर जमीन पर गिर गया और शव में कीड़े भी पड़ गए थे। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बंद मकानों की रेकी कर चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, गहने बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने बंद मकानों की रेकी कर गहने और नकदी चोरी करने वाले एक शातिर चोर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के गहने भी बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक 27 अक्टूबर को बिजनौर थाना क्षेत्र की रायल सिटी निवासी अनूप पटेल के बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने गहने और नकदी चोरी कर ली थी। वहीं बीती 29 अक्टूबर को न्यू गुड़ौरा मानसरोवर निवासी राहुल यादव घर में ताला बंद कर अपने गांव मोहनलालगंज के जबरौली चले गए थे। 2 नवंबर को लौटने पर पता चला कि चोर उनके भी बन्द मकान से गहने और नकदी चोरी कर ले गये। तब इस मामले में राहुल ने गुरुवार रात करीब 11:45 बजे यहीं के छुआरा खेड़ा निवासी अभिषेक नाटिया पर चोरी का संदेह जताते हुए बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए डीसीपी दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक के निर्देश पर पुलिस की दो टीमें गठित की गई थीं। तभी सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को अभिषेक रावत उर्फ नाटिया (22) निवासी छुआराखेड़ा न्यू गुड़ौरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने दोनों मकानों में चोरी करने की बात कबूली। उसने बताया कि वह पहले बंद मकानों की रेकी करता था और मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम देता था। बाद में चोरी किए गए कुछ गहने राह चलते लोगों को सस्ते दामों पर बेच दिए थे।पुलिस का कहना है कि आरोपी के पास से दो जोड़ी चांदी की पायल, दो सफेद धातु के सिक्के और चार नगदार बिछिया बरामद हुई हैं। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी शातिर चोर है और इसके खिलाफ बिजनौर थाने में पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दोनों मामलों में संबंधित धाराएं बढ़ाते हुए उसे जेल भेज दिया है।

एक के बाद एक बुझ गए घर के तीन चिराग, मौत की वजह तलाश रहा स्वास्थ्य विभाग

गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 30 लोगों की जांच की; सभी रिपोर्ट निगेटिव

अमन लेखनी समाचार



परिजनों की जांच करती स्वास्थ्य विभाग टीम



सीएचसी अधीक्षक को निर्देशित करती एसडीएम

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के खण्डसरा गांव में एक ही परिवार के तीन बच्चों की चार दिन के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। तीन से दस वर्ष तक की उम्र के मासूमों की एक के बाद एक मौत से परिवार में कोहराम मचा है, वहीं पूरे गांव में दहशत का माहौल है। परिजनों के मुताबिक, तीनों बच्चों को पहले हल्का बुखार आया था। इसके बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। खास बात यह है कि तीनों बच्चों की मौत सुबह पांच से छह बजे के बीच हुई। घटना की जानकारी के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की दो टीमें गांव पहुंचीं और पीड़ित परिवार समेत आसपास के लोगों की जांच की। खण्डसरा गांव निवासी किसान आशीष कुमार ने बताया कि उनके तीन बच्चे थे। सबसे छोटा बेटा दिव्यांश (3) नौ नवंबर की दोपहर करीब ढाई बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान उसे हल्का बुखार आया और अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल ले जाने के लिए निकले, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके अगले दिन दस नवंबर को सात वर्षीय बेटे कार्तिक की भी इसी तरह तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। कार्तिक कक्षा एक का छात्र था। दोनों बच्चों का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। इसके बाद दस नवंबर की रात बड़ी बेटी लक्ष्मी (10) को भी हल्का बुखार और पेट दर्द की शिकायत हुई। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे दुबग्गा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बृहस्पतिवार सुबह डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों के मुताबिक, छह नवंबर को गांव में मेला लगा था। तीनों बच्चे मेला घूमने गए थे। इसके करीब तीन दिन बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी।

30 लोगों की जांच, सभी रिपोर्ट निगेटिव

माल सीएचसी अधीक्षक डॉ. धनंजय कुशवाहा ने बताया कि मृतका लक्ष्मी की मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। शुक्रवार को बाल रोग विशेषज्ञ सहित स्वास्थ्य विभाग की दो टीमें गांव पहुंचीं। टीमों ने पीड़ित परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के साथ आसपास के लोगों की भी जांच की। परिवार समेत कुल 30 लोगों की डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड की जांच कराई गई, जिनकी रिपोर्ट निगेटिव मिली है। प्रारंभिक जांच में गांव या परिवार में किसी गंभीर संक्रामक बीमारी के स्पष्ट लक्षण नहीं मिले हैं।

एसडीएम ने पानी के नमूने जांचने के दिए निर्देश

शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे एसडीएम मलिहाबाद अपराजिता आर्यन भी गांव पहुंचीं। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक को गांव में सप्लाई होने वाले पानी और पानी की टंकी से की जा रही आपूर्ति के नमूने लेकर उनकी जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही गांव में एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराने को कहा। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव की नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया।

मिशन शक्ति टीम की सजगता से भटकी युवती को मिला परिवार का सहारा

लखनऊ।निगोहां पुलिस की सतर्कता और मिशन शक्ति टीम की संवेदनशील कार्यशैली से एक भटकी हुई युवती को सकुशल उसके परिजनों तक पहुंचा दिया गया। कस्बे में अकेले और परेशान हालत में घूम रही युवती पर स्थानीय लोगों की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाई और उसे सुरक्षित थाने पहुंचाया। पुलिस की इस सजग पहल से युवती को सकुशल पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया।जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को निगोहां पुलिस की मिशन शक्ति टीम कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने एक युवती के काफी देर से अकेले और परेशान हालत में घूमने की सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम तत्काल मौके पर पहुंची और युवती को सुरक्षा की दृष्टि से थाने ले आई।महिला पुलिसकर्मियों ने युवती से संवेदनशीलता के साथ पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान महाराजगंज जिले के ग्राम झरवलिया निवासी करीब 18 वर्षीय युवती के रूप में बताई।

देवरिया की सियासत में हलचल

राजन मिश्रा ने किया कलराज मिश्र के फिर चुनाव लड़ने के फैसले का स्वागत, राजनीतिक चर्चाएं तेज

अमन लेखनी समाचार

देवरिया। देवरिया की राजनीति में उस समय नई चर्चा शुरू हो गई, जब भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कलराज मिश्र ने आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का निर्देश मिलने पर एक बार फिर देवरिया से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। कलराज मिश्र के इस बयान का कल्याण मिश्र के पुत्र एवं समाजसेवी राजन मिश्रा ने स्वागत किया है। उन्होंने कलराज मिश्र के दोबारा चुनाव मैदान में उतरने की बात को देवरिया के राजनीतिक परिदृश्य के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया। कलराज मिश्र ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा नेतृत्व यदि उन्हें निर्देश देता है तो वह आगामी लोकसभा चुनाव देवरिया से लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने भाजपा सरकार के कार्यकाल में जिले में हुए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने केंद्रीय सड़क निधि के तहत स्वीकृत सड़क परियोजनाओं, लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्यों तथा देवरिया में मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास की तैयारियों की जानकारी दी। कलराज मिश्र के इस बयान के बाद देवरिया की राजनीति में उनके अगले कदम को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वहीं समाजसेवी राजन मिश्रा द्वारा उनके चुनाव लड़ने की इच्छा का स्वागत किए जाने से इस राजनीतिक घटनाक्रम को नई चर्चा मिल रही है। अब देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा नेतृत्व आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर क्या निर्णय लेता है। पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र भाजपा के वरिष्ठतम नेताओं में से हैं, इनकी लोकप्रियता सर्व समाज में है भाजपा के बड़े ब्राह्मण चेहरा हैं, इनकी सक्रियता भाजपा को बड़ा लाभ दिला सकती है।

बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित हुई यात्रियों से भरी बस, पलटने से बची

बस में सवार थे 50 यात्री, बड़ा हादसा टला; सभी सुरक्षित

अमन लेखनी समाचार



सड़क से उतरी लटकी हुई बस

लखनऊ। मलिहाबाद के हिम्मतखेड़ा गांव के पास ढकवा मोड़ पर शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे मथुरा-वृंदावन से दर्शन कर लौट रही यात्रियों से भरी बस बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गई। बस सड़क किनारे पलटने से बाल-बाल बची। अचानक हुए हादसे से बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने किसी तरह यात्रियों को बस से बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में किसी यात्री को चोट नहीं आई। बस में भदवाना, नयाखेड़ा और डीहा गांव के नीरज, प्रेम, केशन, अमित, श्रीचंद, पूजा, रामा और श्यामकुमारी समेत करीब 50 यात्री सवार थे। इनमें लगभग 20 महिलाएं भी शामिल थीं। माल के थरी गांव निवासी बस चालक रोहन लाल ने बताया कि छह नवंबर को करीब 55 यात्री नैमिषारण्य से मथुरा-वृंदावन दर्शन के लिए गए थे। शुक्रवार को वापसी के दौरान माल, गहदो और नबीपनाह समेत कई स्थानों पर यात्रियों को उतारने के बाद वह शेष यात्रियों को भदवाना, नयाखेड़ा और डीहा गांव छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान ढकवा मोड़ के पास अचानक एक बाइक सवार बस के सामने आ गया। चालक के मुताबिक बस की रफ्तार करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटा थी। बाइक सवार को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे बैठे दो-तीन यात्री आगे की ओर आ गए, जिससे बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे अनियंत्रित हो गई। चौकी प्रभारी कसमंडी कलां प्रमोद कुमार ने बताया कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। सभी को दूसरे वाहनों से उनके घर भेज दिया गया है।

बेटे की शादी का झांसा देकर महिला के बाले हड़पे

अमन लेखनी समाचार



कैमरे में बाइक पर जाते दिखे दो संदिग्ध

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में टप्पेबाजों ने तंत्र-मंत्र का झांसा देकर एक बुजुर्ग महिला को ठगी का शिकार बना लिया। आरोपियों ने बेटे की शादी कराने का झांसा देकर महिला के कानों से करीब चार ग्राम सोने के बाले उतरवा लिए। इसके बाद बालों को कागज में लपेटकर महिला को थमा दिया और घर पहुंचकर गंगाजल छिड़कने के बाद पुड़िया खोलने की बात कही। घर पहुंचकर महिला ने पुड़िया खोली तो उसमें सोने के बालों की जगह टॉफी निकली। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में दो संदिग्ध बाइक सवार कैद हुए हैं।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के जिंदौर गांव निवासी पुतानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को उनकी करीब 65 वर्षीय मां राबी आधार कार्ड की फोटो कॉपी कराने रहीमाबाद बाजार गई थीं। दोपहर करीब 12 बजे साप्ताहिक बाजार में एक व्यक्ति उनके पास पहुंचा और उन्हें परेशान देखकर बातचीत शुरू कर दी। कुछ देर बाद उसने अपने एक अन्य साथी को भी बुला लिया। आरोप है कि दोनों ने बुजुर्ग महिला को अपनी बातों में उलझा लिया और बाजार के एक सुनसान स्थान पर ले गए। वहां आरोपियों ने तंत्र-मंत्र का झांसा देते हुए महिला को बताया कि उनके बेटे की शादी में शनि का प्रकोप है और इसे दूर करने के लिए कुछ क्रिया करनी होगी। इसी बहाने उन्होंने महिला के कानों से करीब चार ग्राम सोने के बाले उतरवा लिए। इसके बाद बालों की जगह कागज में टॉफी लपेटकर उन्हें थमा दी और घर पहुंचकर गंगाजल छिड़कने के बाद ही पुड़िया खोलने की हिदायत दी।

महिला आरोपियों के झांसे में आकर घर पहुंच गईं। जब उन्होंने कागज की पुड़िया खोली तो उसमें सोने के बालों की जगह टॉफी देखकर उनके होश उड़ गए। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद पीड़ित बेटे ने रहीमाबाद थाने पहुंचकर अज्ञात टप्पेबाजों के खिलाफ तहरीर दी। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि मामला जानकारी में है, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

चोरी हुए बांस के विवाद में महिला की लाठी-डंडों से पिटाई, सिर फटने से हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में चोरी हुए बांस के विवाद में शुक्रवार सुबह तीन महिलाओं और दो पुरुषों ने एक महिला की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने आनन फानन उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल महिला का इलाज जारी है। सरोजनीनगर के तपोवननगर निवासी मूलचंद पासी के मुताबिक बीते 10 नवंबर को वह सब्जी की दुकान लगाने के लिए 20 बांस खरीदकर लाए थे और उन्हें पड़ोस में मौजूद एक प्लाट के पास रख दिया था। लेकिन अगले दिन बांस गायब मिले। तब मूलचन्द ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। मूलचंद का कहना है कि कि शुक्रवार सुबह एक पड़ोसी ने उन्हें जानकारी दी कि उनके बांस रामानंद के घर के पास प्लाट में पड़े हैं। इस पर उनकी पत्नी सुनीता (46) बांस देखने पहुंचीं तो वहां मौजूद एक महिला से इसको लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद आरोपी महिला ने 2 अन्य महिलाओं और दो पुरुषों के साथ मिलकर सुनीता पर हमला कर दिया और लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी। जिससे सुनीता का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं पुलिस का कहना है कि इस दौरान दूसरे पक्ष के रामानंद की पत्नी राजेश्वरी भी घायल हो गईं। दोनों का इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। लेकिन शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दबंगों ने युवक को घेर कर पीटा किया लहूलुहान नामजद, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।आशियाना दबंगों के हौसले बुलंद,बाजार से घर लौट रहे एक युवक को रास्ते में घेरकर हमलावरों ने बेरहमी से पीटा आरोप है कि पहले बाइक पर ईंट मारकर युवक को सड़क पर गिराया गया, फिर लोहे के छल्ले से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।जानकारी के मुताबिक, औरंगाबाद जागीर निवासी सुबोध कुमार पुत्र स्वर्गीय बेचालाल ने आशियाना थाने में लिखित शिकायत पत्र देते हुए बताया कि गुरुवार 12 नवंबर को वह न्यू गरौड़ा मानसरोवर बाजार गया था। वहां से वापस लौटते समय पहले से घात लगाए बैठे प्रवेश, समीर उर्फ राज, प्रकाश पुत्रगण सूरज पाल, अमित पुत्र गोबरा, विजय और रोहित पुत्रगण नरेश रावत समेत अन्य लोगों ने उसकी बाइक पर ईट मार दी। इससे वह सड़क पर गिर पड़ा।आरोप है कि इसके बाद सभी हमलावरों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और लोहे के छल्ले से सिर पर वार कर दिया। हमले में उसका सिर फट गया और गंभीर चोटें आई। पीड़ित के मुताबिक, खून निकलता देख आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।घटना के बाद पीड़ित ने स्थानीय आशियाना थाने पहुंचकर दमांगो के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत दी। इस संबंध में आशियाना थाना प्रभारी गजेंद्र कुमार राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जिलाबदर के बावजूद कस्बे में घूम रहा युवक गिरफ्तार, बिना नंबर की कार सीज

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा पुलिस ने जिलाबदर किए जाने के बावजूद गुरुवार देर शाम कस्बे में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से बिना नंबर प्लेट की टाटा सिएरा कार बरामद कर उसे एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक 12 नवंबर की देरशाम उपनिरीक्षक अंकित निगम पुलिस टीम के साथ कस्बा बंथरा में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि छह माह के लिए जिलाबदर किया गया बंथरा स्थित हनुमान मंदिर के पास रहने वाला आदित्य द्विवेदी (33) पुत्र कृष्णकुमार द्विवेदी अपनी कार से बंथरा कस्बे में घूम रहा है। तभी सूचना पर उपनिरीक्षक अजय कुमार के साथ पुलिस टीम ने लालाराम स्वरूप के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसे छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है, लेकिन घर में जरूरी काम होने के कारण वह बंथरा आया था। पुलिस ने बताया कि संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) के न्यायालय ने 16 सितंबर 2026 को उसे जिलाबदर किया था। इसके बावजूद वह क्षेत्र में घूम रहा था। इसलिए उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

संक्षेप

खेत की मेड को लेकर घर में घुसकर लाठी डंडों से पीटा

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के गांव लहबरपुर निवासी राजेश सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि घर के बगल में खेत है जिसकी मेड को गांव निवासी राजपाल ने काट दिया जब विरोध किया तो परिमाल, इन्द्रजीत व दीपक के साथ मिलकर गाली-गलौज करने लगे जब मना किया तो घर में घुसकर लाठी डंडे से मारपीट करने लगे यह देख बेटा अंगद बचाने दौडा तो उसके साथ भी मारपीट की जिससे वह भी घायल हो गया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से निकल गए इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया पीडित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

इलाज कार्ड समाप्त फोटो कापी से चलाया जा रहा काम

उन्नाव। सरकारी अस्पताल में क्षय रोग के रोगियों को इलाज में बनने वाला इलाज कार्ड समाप्त होने से फोटो कॉपी पेपर पर छपाई कराकर इलाज किया जा रहा है। हालात यह है कि रोगियों को इलाज के साथ फोटो कॉपी कराने का भी दंश झेलना पड़ रहा है। मामला बिछिया सीएचसी परिसर में क्षय रोग कक्ष में करीब एक सप्ताह से इलाज कार्ड समाप्त हो गए थे। जिसके चलते कार्यरत विभागीय कर्मियों द्वारा इलाज कार्ड खत्म होने की जानकारी अपने उच्चस्तरीय लोगों को दी है। उसके बावजूद भी करीब एक सप्ताह से कार्ड न होने पर एक कार्ड की फोटो कॉपी कराकर काम खातापूर्ती की जा रही है। मामले से विभागीय अधिकारी अंजान बने बैठे हैं।सीएचसी अधीक्षक डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि कार्ड खत्म होने की जानकारी नही है जानकारी करता हूँ।

विद्यालय से एलसीडी टी वी चोरी फिर बरामद बना चर्चा का विषय

बांगरमऊ, उन्नाव। परिषदीय विद्यालय में लगी एल सी डी टी वी चोरी होने के बाद रहस्यमय ढंग से मिल गई पिछले तीन दिनों से यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है । बताया जा रहा है कि बीते 8-9 नवंबर को विद्यालय में अवकाश था जिसके बाद 10 नवंबर को विद्यालय खुला तो विकास खण्ड गंजमुरादाबाद प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर खालसा में लगी एल सी डी टी वी गायब मिली जिससे प्रधान शिक्षक ने चोरी की घटना के संबंध में पुलिस को सूचना तहरीर दी जिससे मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की गई ।इसी क्रम में 11 नवंबर को फिर से विद्यालय में अवकाश था जिससे पुनः 12 नवंबर को जब विद्यालय खुला तो चोरी हुई एल सी डी पुनः विद्यालय में ही मिली। चोरी होने के बाद पुनः एल सी डी मिल जाने की ।सूचना से लोगों में चचाओं का बाजार गर्म बना हुआ है।

खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया है कि एल सी डी चोरी हुई थी किंतु पुनः मिल गई है।

कृष्ण लीला महोत्सव का प्रथम दिवस भक्ति, श्रद्धा और दिव्य आनंद के साथ हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के नानामऊ मार्ग पर श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला समिति द्वारा आयोजित 74वें कृष्ण लीला महोत्सव का प्रथम दिवस भक्ति, श्रद्धा और दिव्य आनंद के साथ संपन्न हुआ। श्री धाम वृंदावन से पधारे स्वामी नंदकिशोर शर्मा लाला भैया के कुशल निर्देशन में लीला का शुभारंभ हुआ।

सर्वप्रथम बाबा दुर्गेश्वर महाराज का विधि-विधान से पूजा-अर्चन किया गया। तत्पश्चात आचार्य संजीव दीक्षित, अनमोल तिवारी एवं राजकुमार द्विवेदी द्वारा मंच पूजन व व्यास पीठ का पूजन संपन्न हुआ। यज्ञ में आहुतियों से वातावरण सुगंधित हो उठा। राधा-कृष्ण का पर्दा खुलते ही पूरा पांडाल जयकारों से गूंज उठा। बालाजी पंचेश्वर महादेव के सेवादार रवि शंकर दीक्षित एवं एडवोकेट शैलेंद्र शुक्ला ने आरती उतारी। प्रथम दिवस की लीला में राजा कंस के अत्याचारों से पीड़ित पृथ्वी की करुण पुकार का मंचन हुआ। पृथ्वी के कष्टों को देख भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर अवतार लेने का वचन दिया। इसके बाद कंस ने अपनी चचेरी बहन देवकी का विवाह वासुदेव जी के साथ बड़े धूमधाम से किया। कंस स्वयं रथ हांककर बहन को विदा करने चला, तभी आकाशवाणी हुई - हे कंस ! जिस बहन के विवाह में तू प्रसन्न हो रहा है, उसी का अष्टम पुत्र तेरा काल होगा। आकाशवाणी सुनते ही कंस क्रोधित हो उठा और देवकी-वासुदेव को कारागार में डाल दिया। एक-एक करके उनके सात पुत्रों का वध कर दिया। तदुपरांत अष्टम पुत्र के रूप में भगवान श्रीकृष्ण ने कारागार में जन्म लिया। भगवान ने पिता वासुदेव से कहा कि मुझे गोकुल पहुंचा दो और वहां की कन्या को यहां ले आओ। भगवान की कृपा से कारागार के ताले खुल गए, बेड़ियां टूट गईं। वासुदेव जी यमुना पार कर गोकुल पहुंचे। अंत में जब कंस ने कन्या को पटकना चाहा, तो कन्या आकाश मार्ग में जाकर बोली - हे दुष्ट कंस ! तुझे मारने वाला जन्म ले चुका है। यह सुनकर कंस भयभीत हो गया ।प्रथम दिवस ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यजमान अविनाश शर्मा, चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा चंदू भैया, उपेंद्र अवस्थी, शरद अग्रवाल, राम सिंह अध्यापक, शिवाकांत शर्मा, प्रज्वल शर्मा, चरण आधार शर्मा, अवधेश द्विवेदी, सोनू दीक्षित, वैभव शर्मा आदि ने हवन पूजन किया।

12 फीट गहरी खंती में डूबने से अज्ञात युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग पर मरहला चौराहे के पास स्थित विष्णुपुरी तालाब की करीब 12 फीट गहरी खंती में डूबने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। घटना गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे की है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शी 10 वर्षीय अनुज ने बताया कि उसने युवक को पानी में डूबते हुए देखा था। किशोर ने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत रस्सी फेंककर उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन युवक घबराहट में रस्सी को पकड़ नहीं सका और गहरे पानी में समा गया। इसके बाद किशोर ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोर टीम को बुलाया गया। गोताखोर मोहम्मद हलीम ने बताया कि उन्हें हाजी शकील की सूचना पर जानकारी मिली थी कि विष्णुपुरी तालाब में एक युवक डूब गया है। वह अपनी टीम के गोताखोर जाहिद हुसैन और मुस्तकीम के साथ मौके पर पहुंचे। किशोर द्वारा बताई गई जगह पर गोताखोर पानी में उतरे। खंती की गहराई 12 से 13 फीट थी और पानी में काफी जलकुंभी और कचरा भरा होने के कारण युवक उसी में फंसा हुआ था। गोताखोरों ने करीब 15 से 20 मिनट तक कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है और फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उसके पास से कोई पहचान पत्र भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि युवक किन परिस्थितियों में खंती में गिरा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह खंती काफी खतरनाक है और यहां कोई सुरक्षा इंतजाम या चेतावनी बोर्ड नहीं लगा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खंती के चारों ओर बाड़ और चेतावनी बोर्ड लगाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

भाजपा के कृष्ण कुमार वर्मा को पिछड़ा मोर्चा अवध क्षेत्र का महामंत्री बनाए जाने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के गांव सदासुखखेड़ा निवासी पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा कृष्ण कुमार वर्मा को पिछड़ा मोर्चा अवध क्षेत्र का महामंत्री बनाए जाने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा लिस्ट जारी होने के बाद गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने कृष्ण कुमार वर्मा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि पार्टी द्वारा जो दायित्व सौंपा गया है उसका ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पिछड़ों को पार्टी से ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाएगा और पार्टी की नीतियों से अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष गंगा प्रसाद वर्मा, रामनरेश, कुलदीप लोधी, संतोष सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

कोटवा गौशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार

अमन लेखनी माचार

उन्नाव। नवाबगंज ब्लॉक की ग्रपंचायत कोटवा में भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करने पहुंची टीम के सामने गौशाला से लेकर विकास कार्यों तक की हकीकत पर सवाल उठे। गौशाला में न हरे चारे का इंतजाम मिला और न ही व्यवस्थाओं से जुड़े जरूरी अभिलेख। प्रधान की ओर से 233 गोवंश संरक्षित होने का दावा किया गया, लेकिन मौके पर महीनों से रखी छह बोरी चोकर ही दिखाई दी। करीब 80 फीसदी गोवंश बिना टैग के मिले। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जांच से दो दिन पहले ही कई गोवंश गौशाला में लाए गए थे।

मामले को लेकर ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जांच की आहट मिलते ही गौशाला में मृत गोवंश के अवशेष हटाकर सड़क किनारे फेंक दिए गए। सड़क पर पड़े अवशेषों ने गौशाला की देखरेख को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए। जांच के दौरान गौशाला के जरूरी दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए जा सके।

इसके बाद पंचायत सचिवालय की मरम्मत पर खर्च हुए 4.80 लाख रुपये का मामला सामने आया। मरम्मत कार्य में गड़बड़ी के आरोपों के बीच सफाई व्यवस्था के लिए खरीदी गई गाड़ी सचिवालय के कमरे में बंद मिली। ग्रामीणों का आरोप था कि जांच टीम के आने से पहले ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त दिखाने की तैयारी कर ली गई थी।

जांच के दौरान ग्रामीणों ने गौशाला में गोवंश छोड़ने के नाम पर 200 रुपये वसूलने और आवास दिलाने का लालच देकर धनराशि लेने के आरोप भी लगाए। स्ट्रीट लाइट और हैंडपंप मरम्मत के कार्यों को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। खराब पड़े हैंडपंप को सही बताए जाने पर ग्रामीणों ने जांच टीम के सामने ही विरोध जताया और अपनी शिकायतें रखीं।

ग्रामीणों की शिकायतों और मौके पर मिली खामियों के बीच जांच टीम सभी बिंदुओं की पड़ताल पूरी नहीं कर सकी। स्वास्थ्य चिकित्सक समेत संबंधित जिम्मेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। जांच अधिकारी ने सभी शिकायतों और अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

अब सवाल यह है कि जब गौशाला में 233 गोवंश होने का दावा है तो उनके चारे और टैगिंग की व्यवस्था कहां है? पंचायत के विकास कार्यों पर खर्च सरकारी धन का हिसाब कौन देगा? ग्रामीणों ने जो शिकायतें जांच टीम के सामने रखीं, उनका निस्तारण होगा या फिर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होने का इंतजार ही करना पड़ेगा?

अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत, दूसरा गंभीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ट्रांस गंगा सिटी गेट नंबर-2 के पास गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे खड़े दो बुजुर्गों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस तत्काल दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गई, जहां ले जाते समय 72 वर्षीय प्रसाद की मौत हो गई, जबकि 65 वर्षीय नंदीलाल की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया है कि हादसे के समय दोनों बुजुर्ग ट्रांस गंगा सिटी के गेट नंबर-2 के पास मौजूद थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घायलों की पहचान शंकरपुर सराय निवासी के रूप में हुई है। नंदीलाल पुत्र शंकर और मृतक प्रसाद पुत्र त्रिलोकी दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार मृतक प्रसाद अविवाहित थे। उनकी मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव को घर ले गए। वहीं घायल नंदीलाल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। गंगाघाट कोतवाली पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि वाहन की पहचान की जा सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पंचायत विभाग द्वारा दिवंगत सफाई कर्मचारी को जारी किया गया कारण बताओं नोटिस

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। पंचायत विभाग के फतेहपुर 84 ब्लाक स्तरीय जिम्मेदार अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत में तैनात रहे एक दिवंगत सफाई कर्मचारी के खिलाफ स्वेच्छाचारिता और लापरवाही का आरोप लगाकर कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया। यहां तक कि मृत कर्मचारी का नाम अब भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान के रोस्टर में चल रहा है। विभागीय अधिकारी की इस बेजा कार्यवाही से पंचायतों में तैनात सभी कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पटल द्वारा ग्राम पंचायतों में तैनात राम सिंह, धर्मदेव, शशिकांत, हरिश्चंद्र, विश्वनाथ, राजेन्द्र कुमार, विनीत कुमार व अशोक कुमार सहित कुल 11 सफाई कर्मचारियों के खिलाफ बीते 12 नवंबर को एक कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। नोटिस में ग्राम दुगवां के प्रधानाध्यापक राजकिशोर की शिकायत पर आरोप लगाया गया है कि बीती दिनांक 29 अक्टूबर को उनके गांव में कोई भी टीम सफाई करने नहीं आई। नोटिस में आरोप है कि टीम में शामिल सभी कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छाचारिता और लापरवाही बरती गई है।

खास बात यह है कि नोटिस में दर्ज सफाई कर्मचारियों में से हरिश्चंद्र कर्मचारी की मृत्यु करीब पांच माह पूर्व दिनांक 24 मई, 2026 को हो चुकी है। फिर भी दिवंगत सफाई कर्मचारी का नाम संचारी रोग नियंत्रण अभियान के रोस्टर में मौजूद है। इस नोटिस से एडीओ पंचायत की बेजा कार्यशैली पर सवालिया निशान लग गया है। टीम में शामिल अन्य सफाई कर्मचारियों ने दबी जुबान से बताया कि वास्तव में चिन्हित ग्राम पंचायत में टीम द्वारा सफाई कराई गई है। किंतु यह नोटिस सिर्फ कर्मचारियों में कार्यवाही का भय पैदा करने और उनसे मनमाफिक माहवारी वसूली करने के लिए ही जारी की गई है।

खंती में बाइक गिरने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के एरा भदियार के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार 40 वर्षीय शोले की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक कपड़े लेने के लिए उन्नाव जा रहे थे। जानकारी के अनुसार शोले पुत्र शुक्खा, अजगैन थाना क्षेत्र के कोटझोलथर गांव के निवासी थे। उनकी मां सुखदेई का पहले ही निधन हो चुका है। बताया गया है कि वह अपनी ससुराल पावा पखरौरा गए हुए थे। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वह ससुराल से बाइक लेकर उन्नाव के लिए निकले थे। रास्ते में एरा भदियार के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गहरी खंती में जा गिरी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शोले की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के करीब 14 घंटे बाद शुक्रवार दोपहर परिजनों ने शव की शिनाख्त की। मृतक कानपुर से अपने घर प्रतापगढ़ लौट रहा था। जानकारी के मुताबिक हादसा बिहार थाना क्षेत्र की पाटन चौकी से करीब 500 मीटर पहले हुआ। गुरुवार देर रात किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंद दिया और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान हालत में पड़े युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात में युवक के पास पहचान से जुड़ा कोई पुख्ता दस्तावेज न होने के कारण शिनाख्त नहीं हो सकी थी। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे प्रतापगढ़ से पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की। मृतक की पहचान प्रतापगढ़ जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित नगरीय मऊ निवासी अजीत कुमार साहू (24) पुत्र राकेश कुमार साहू के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अजीत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह किसी काम के सिलसिले में कानपुर गया था और गुरुवार रात बाइक से वापस अपने घर प्रतापगढ़ जा रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। अजीत तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मामले को लेकर बिहार थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना को अंजाम देकर फरार हुए अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाने के लिए आसपास के इलाकों और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एसपी ने किए तबादले, मौरावां और महिला थाने को मिले नए प्रभारी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले में शुक्रवार सुबह पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। मौरावां और महिला थाने को नए कार्यवाहक प्रभारी मिले हैं, वहीं माखी थाने की चकलवंशी चौकी के प्रभारी विजय प्रताप को लाइन हाजिर कर दिया गया है। साथ ही तीन इंस्पेक्टरों का गैर जनपद तबादला होने पर उन्हें जिले से रवाना कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह को मौरावां थाने का कार्यवाहक प्रभारी बनाया गया है। यहां तैनात रहे इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह का सीतापुर तबादला हो गया है, जिसके बाद उन्हें जिले से रवाना कर दिया गया। इसी तरह महिला थाने की प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा सिंह का भी सीतापुर तबादला हुआ है। उन्हें भी जिले से रवाना कर दिया गया है। उनकी जगह दोस्ती नगर चौकी प्रभारी रहीं इंस्पेक्टर गीता सिंह को महिला थाने का नया कार्यवाहक प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा असोहा थाने में तैनात इंस्पेक्टर फूल सिंह का खीरी तबादला हुआ है और उन्हें भी जिले से रवाना कर दिया गया है। वहीं माखी थाने की चकलवंशी चौकी पर तैनात चौकी इंचार्ज विजय प्रताप को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने नई तैनाती के बाद संबंधित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं।

बिना सत्संग के ज्ञान नही मिलता और बिना प्रभु के यह कृपा भी किसी को नही मिलती

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटी बीर बाबा मंदिर प्रांगड़ में चल रहे ग्यारहवे हनुमत रुद्र महायज्ञ एवम मानस वेदांत सन्त सम्मेलन में चल रही रामकथा के दूसरे दिन प्रयाग से आये कथा वाचक मानस लहरी जी रामकथा के दौरान भगवत प्रेमियों को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि बिन सत संग विवेक न होई , राम कृपा बिन सुलभ न होई , उन्होंने कहा कि मनुष्य को ज्ञान , भक्ति अच्छे लोगो के पास बैठने , बात करने से मिलती है और यह भी तब प्रभु की कृपा होती है , कथा में आगे उन्होंने बताया की जाकी रही भावना जैसी , प्रभु मूर्ति देखी तिन तैसी , भावार्थ बताते हुए कहा कि जिसकी भावना , सोंच जैसी होती है उसको ईश्वर वैसे ही दिखाई पड़ते है ।उन्होंने कहा कि सत्य हो या फिर ईश्वर यह मनुष्य के स्वभाव व नजरिये पर निर्भर करता है । कथा के दौरान अनूप नारायण अवस्थी , राम जी गुप्ता , प्रेम जायसवाल , शिव शक्ति अवस्थी , चाहत विश्वकर्मा , गोलू सोनी , प्रियानशू श्रीवास्तव , अखिल , सहित सैकड़ों छेत्र वासी महिला पुरुष उपस्थित रहे ।

शाहजहांपुर में अधिवक्ता के भाई की हत्या

आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर वकीलों का प्रदर्शन, कल से शहर जाम करने की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, जिले में अधिवक्ता के भाई सुधीर सिंह की हत्या के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में अधिवक्ता कचहरी के पास मुख्य सड़क पर बैठ गए और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो शनिवार (कल) से पूरा शहर जाम किया जाएगा ।खुलेआम घूम रहे हैं आरोपी, गवाहों को धमकाने का आरोपप्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं का आरोप है कि हत्याकांड के नामजद आरोपी क्षेत्र में खुलेआम घूम रहे हैं और लगातार गवाहों को धमका रहे हैं। मृतक सुधीर सिंह अधिवक्ता अवनीश सिंह के भाई थे। शुक्रवार को अवनीश सिंह अन्य साथियों के साथ प्रशासन को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे, जिसके बाद वे आक्रोशित होकर कचहरी गेट के सामने सड़क पर ही धरने पर बैठ गए।

जांच पर उठे सवाल, पूर्व विवेचक पर धमकाने का आरोप

गौरतलब है कि करीब ढाई महीने पहले खुदागंज थाना क्षेत्र के मझला गांव निवासी सुधीर सिंह का शव बरामद हुआ था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद इस मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। शुरूआत में परिजनों ने खुदागंज पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए किसी दूसरे थाने से जांच कराने की मांग की थी, जिसके बाद मामले की विवेचना सिंधौली पुलिस को सौंपी गई ।अधिवक्ताओं और परिजनों का आरोप है कि करीब एक महीने पहले जब सिंधौली पुलिस जांच के लिए गांव गई, तो उनके साथ खुदागंज थाने का पूर्व जांच अधिकारी भी मौजूद था। आरोप है कि पूर्व विवेचक ने वहां गवाहों को धमकाया। अधिवक्ताओं का कहना है कि उन्होंने पुलिस के सामने कई गवाह पेश किए, लेकिन अधिकारी उनसे संतुष्ट नहीं हो रहे हैं और अब तक एक भी गिरफ्तारी नहीं की गई है ।सांकेतिक प्रदर्शन के बाद बड़े आंदोलन की चेतावनी अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि शुक्रवार का यह प्रदर्शन महज सांकेतिक था। यदि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई नहीं की तो कल से पूरे शहर में चक्का जाम किया जाएगा।

दुकान से लौट रहे युवक पर दबंगो ने बोला हमला फोड़ा सर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत जानकीगंज मजरा बिहार गांव निवासिनी किरण पत्नी मुरली ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि उनका बेटा पंकज दुकान से सामान लेकर घर वापस आ रहा था तभी दरवाजे पर पहले से मौजूद रोमियो पुत्र राजेन्द्र, रोमियो के बहनोई विकास, आकाश पुत्र रामराज और रामराज शराब के नशे में लाठी डंडों से पंकज को मारना-पीटना शुरू कर दिया जिससे पंकज का सिर फट गया और उसे गंभीर चोटें आईं। विरोध करने पर आरोपियों ने गंदी-गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

सम्पादकीय

खाद पर सब्सिडी जारी रखना उचित कदम

किसान पहले ही महंगे डीजल, बीज, कीटनाशकों और मजदूरी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतें बढ़ने के बावजूद केंद्र सरकार ने सब्सिडी का बोझ खुद उठाकर किसानों को राहत देने का फैसला किया है। खरीफ सीजन 2026-27 के लिए 62,370 करोड़ रुपये की सब्सिडी और डीएपी की 50 किलो की बोरी का मूल्य 1,350 रुपये पर बरकरार रखना स्वागतयोग्य कदम है। सवाल यह है कि जब खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और फसल का उचित मूल्य हासिल करना भी किसानों के लिए चुनौती बना हुआ है, तब खाद पर मिलने वाली राहत को कैसे कम किया जा सकता है? पश्चिम एशिया में जारी संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला तथा उर्वरकों के कारोबार को प्रभावित किया है। कच्चे माल की महंगाई का असर खाद की कीमतों पर पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में पिछले रबी सीजन के मुकाबले सब्सिडी में 24,418 करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार की किसान हितैषी नीति को दर्शाती है। लेकिन यह भी समझना होगा कि उर्वरक सब्सिडी केवल सरकारी खजाने से दी जाने वाली आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। खाद महंगी होने का असर अंततः उत्पादन लागत और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ सकता है। इसके बावजूद खाद वितरण की जमीनी व्यवस्था पर सवाल बने हुए हैं। कई बार किसानों को सीजन के दौरान खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। कहीं किल्लत तो कहीं कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायतें सामने आती हैं। ऐसे में सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सब्सिडी का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचे। खाद की उपलब्धता, वितरण और बिक्री की नियमित निगरानी हो तथा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आखिर जिस राहत के लिए सरकार हजारों करोड़ रुपये खर्च कर रही है, उसका लाभ बिचौलियों या जमाखोरों की जेब में क्यों जाए? कैबिनेट का प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की ऋण गारंटी निधि को पांच साल बढ़ाने का फैसला भी छोटे कारोबारियों के लिए अहम है। पांच हजार करोड़ रुपये के कोष से अगले पांच वर्षों में 12.6 लाख करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। ऋण गारंटी शुल्क एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत करना भी सकारात्मक पहल है। सितंबर 2026 तक योजना के तहत 60.36 करोड़ से अधिक ऋण मंजूर किए जा चुके हैं, जिनकी राशि 43.34 लाख करोड़ रुपये है। यह छोटे कारोबारियों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का बड़ा प्रयास है। यह देखना भी जरूरी है कि कितने छोटे उद्यम स्थापित हुए, कितनों ने रोजगार पैदा किया और कितने कारोबार कर्ज के बोझ से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बन पाए। कुल मिलाकर, खाद पर सब्सिडी जारी रखने और मुद्रा योजना की ऋण गारंटी को विस्तार देने का फैसला अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण आधारों को मजबूती देने वाला है। किसान को खेती की बढ़ती लागत से राहत मिलेगी तो छोटे कारोबारियों को नए अवसर मिलेंगे। बेशक अनिश्चितताओं के दौर में सरकार का आर्थिक बोझ खुद उठाना दूरदर्शी कदम है। जरूरत इस बात की है कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही, पारंपरिक उत्पादन, स्वरोजगार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देकर ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें किसान व उद्यमी आत्मनिर्भर बन सकें।

सूर्योपासना और लोकआस्था का महापर्व छठ

लेखकः--- कुंवर शील वर्धन प्रताप नारायण सिंह पत्रकार

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ



भारतीय संस्कृति की विराट चेतना में पर्व और त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान अथवा उत्सवधर्मिता के प्रतीक नहीं हैं, अपितु वे जीवन-मूल्यों, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, आध्यात्मिक अनुशासन और सामाजिक समरसता के संवाहक भी हैं। भारतीय लोकजीवन में कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनकी महत्ता आडंबर और वैभव से नहीं, बल्कि आत्मिक पवित्रता, त्याग, तपस्या और अटूट श्रद्धा से प्रतिष्ठित होती है। छठ महापर्व ऐसी ही अनुपम लोकपरंपरा है, जिसमें सूर्योपासना के माध्यम से समस्त सृष्टि के कल्याण, आरोग्य, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की जाती है। यह पर्व भारतीय संस्कृति की उस सनातन दृष्टि का परिचायक है, जिसमें प्रकृति को केवल उपभोग की वस्तु नहीं, बल्कि जीवनदायिनी शक्ति और आराध्य सत्ता के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है।

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला छठ पर्व मुख्यतः बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान रहा है, किंतु कालांतर में इसकी लोकआस्था ने भौगोलिक सीमाओं का अतिक्रमण कर संपूर्ण देश और विदेशों तक अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। सूर्य षष्ठी के नाम से विख्यात यह महापर्व चार दिनों तक चलने वाली कठिन साधना, पवित्रता, संयम और आत्मानुशासन की अनूठी परंपरा है। नहाय-खाय से आरंभ होकर खरना, संध्याकालीन अर्घ्य और उषाकालीन अर्घ्य तक इसकी प्रत्येक परंपरा साधक के अंतर्मन को शुद्ध करने तथा जीवन में सात्त्विकता का संचार करने का संदेश देती है। निर्जला व्रत की कठोर साधना, स्वच्छता का विशेष विधान, पारंपरिक प्रसाद, सूप, दउरा और लोकगीत इस पर्व की सांस्कृतिक आत्मा को अभिव्यक्त करते हैं।

भारतीय सभ्यता में सूर्य की उपासना की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। वैदिक साहित्य में सूर्य, सविता और आदित्य के रूप में सूर्यदेव की महिमा का विस्तृत वर्णन मिलता है। ऋग्वेद के सविता सूक्त तथा गायत्री मंत्र में निहित सूर्य की दिव्य चेतना मनुष्य की बुद्धि को आलोकित करने और जीवन को सद्मार्ग की ओर प्रेरित करने की प्रार्थना है। सूर्य को जगत का आत्मस्वरूप, ऊर्जा का अक्षय स्रोत और समस्त प्राणियों के जीवन का आधार माना गया है। भारतीय मनीषा ने सूर्य के प्रकाश में केवल भौतिक ऊर्जा ही नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक, चेतना और आध्यात्मिक जागरण का भी दर्शन किया है। छठ महापर्व इसी प्राचीन सूर्योपासना की लोकाभिव्यक्ति का अत्यंत विशिष्ट स्वरूप है। हालांकि इसकी विशिष्ट अनुष्ठान परंपराओं का विकास लोकविश्वासों और क्षेत्रीय सांस्कृतिक परंपराओं के साथ हुआ है।

छठ पर्व की पौराणिक पृष्ठभूमि भी अत्यंत रोचक और श्रद्धापूर्ण है। महाभारत की परंपरा में सूर्यपुत्र कर्ण का व्यक्तित्व सूर्योपासना और दानशीलता का अनुपम उदाहरण माना जाता है। मान्यता है कि कर्ण प्रतिदिन प्रातःकाल सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करते थे और जरूरतमंदों को दान देकर अपनी उदारता का परिचय देते थे। सूर्य के प्रति उनकी अनन्य निष्ठा ने उन्हें तेजस्विता, पराक्रम और आत्मसम्मान का प्रतीक बनाया। इसी प्रकार महाभारत से जुड़ी लोककथाओं में द्रौपदी द्वारा सूर्य की आराधना और संकट के समय सूर्यदेव से प्राप्त अक्षय पात्र का प्रसंग भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है। यह आख्यान विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, विश्वास और आत्मबल बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

रामायण से जुड़ी लोकमान्यताओं में भी छठ की परंपरा का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि लंका विजय के पश्चात अयोध्या लौटने पर भगवान श्रीराम और माता सीता ने सूर्यदेव की आराधना की तथा लोककल्याण की कामना की। वहीं छठी मइया की महिमा से संबंधित एक प्रचलित पौराणिक कथा राजा प्रियव्रत और रानी मालिनी से जुड़ी है। संतान प्राप्ति की कामना से व्याकुल राजा-रानी के जीवन में पुत्र-जन्म के पश्चात भीषण शोक का प्रसंग आता है। लोककथा के अनुसार, षष्ठी देवी ने प्रकट होकर उन्हें संतान की रक्षा और मंगल के लिए अपनी आराधना का मार्ग बताया। तभी से षष्ठी देवी को संतानों की रक्षिका और परिवार के कल्याण की अधिष्ठात्री के रूप में श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है। इन कथाओं का मूल संदेश मातृत्व, संरक्षण, करुणा और जीवन के प्रति अटूट विश्वास है।

छठ महापर्व की सर्वाधिक विशिष्ट और दार्शनिक विशेषता अस्ताचलगामी सूर्य तथा उदीयमान सूर्य दोनों की समान श्रद्धा से उपासना करना है। संसार की सामान्य प्रवृत्ति प्रायः सफलता, सामर्थ्य और उत्कर्ष का अभिनंदन करने की होती है, किंतु छठ हमें अस्त होते सूर्य के प्रति भी उतनी ही श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का संस्कार देता है, जितना उदित होते सूर्य के प्रति। यह परंपरा भारतीय जीवन-दर्शन की उदात्तता को प्रकट करती है। अस्त होता सूर्य हमें स्मरण कराता है कि जीवन में अवसान भी उतना ही स्वाभाविक और सम्माननीय है, जितना उदय और उत्कर्ष। वहीं उदीयमान सूर्य नवीन आशा, नवचेतना, संघर्ष और पुनर्जागरण का संदेश देता है। इस प्रकार छठ केवल सूर्य की आराधना नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक उतार-चढ़ाव को सहजता और समभाव से स्वीकार करने की आध्यात्मिक शिक्षा भी है।

इस महापर्व का सामाजिक एवं सांस्कृतिक पक्ष भी अत्यंत व्यापक है। छठ के घाटों पर जाति, वर्ग, भाषा और आर्थिक विषमता की दीवारें स्वतः गौण हो जाती हैं। व्रती, श्रद्धालु, परिजन और समाज के सभी वर्ग एक साथ मिलकर इस लोकपर्व की गरिमा को विस्तार देते हैं। लोकगीतों में माता की ममता, संतान के प्रति वात्सल्य, दांपत्य जीवन की मंगलकामना और परिवार की सुख-समृद्धि की अभिलाषा सहज रूप में अभिव्यक्त होती है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी माताओं और बहनों द्वारा संजोई गई यह गीत-परंपरा हमारी मौखिक सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य धरोहर है। ठेकुआ, मौसमी फल, गन्ना और पारंपरिक प्रसाद के माध्यम से ग्रामीण जीवन, कृषि संस्कृति और प्रकृति के उपादानों के प्रति कृतज्ञता का भाव भी प्रकट होता है।

वर्तमान समय में जब मनुष्य आधुनिकता और भौतिक प्रगति की दौड़ में प्रकृति के साथ अपने आत्मीय संबंधों को विस्मृत करता जा रहा है, तब छठ महापर्व हमें पर्यावरणीय संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का महत्त्व समझाता है। नदियों, सरोवरों और जलाशयों के तट पर संपन्न होने वाली सूर्योपासना जल की पवित्रता तथा उसके जीवनदायी स्वरूप का बोध कराती है। इसलिए इस पर्व की वास्तविक सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब हम श्रद्धा के साथ नदियों को स्वच्छ रखने, जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने, प्लास्टिक और कृत्रिम अपशिष्ट से परहेज करने तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानने का संकल्प भी लें। आस्था का वास्तविक सौंदर्य तभी है, जब वह प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व में परिणत हो।

वस्तुतः छठ महापर्व भारतीय लोकसंस्कृति की वह आध्यात्मिक धरोहर है, जिसमें वैदिक सूर्योपासना की प्राचीन चेतना, पौराणिक आख्यानों की श्रद्धा, लोकजीवन की सहज संवेदना और सामाजिक समरसता का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन की सार्थकता केवल प्राप्तियों में नहीं, बल्कि कृतज्ञता, संयम, त्याग और परोपकार में निहित है। सूर्य की अविराम यात्रा की भांति मनुष्य को भी निरंतर कर्मशील, प्रकाशवान और लोकमंगल के प्रति समर्पित रहना चाहिए। यही छठ की शाश्वत आध्यात्मिक चेतना है और यही भारतीय संस्कृति का वह अमर संदेश है, जो पीढ़ियों से जनमानस को आलोकित करता आ रहा है।

जवाबदेही

प्रो. वंदना अरोड़ा



विरोध का अधिकार, लेकिन संवैधानिक मर्यादा के साथ

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि इसमें नागरिकों को सरकार से सवाल पूछने, नीतियों की आलोचना करने और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार है। विरोध लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी जीवंतता का प्रमाण है। हालांकि, उतना ही महत्वपूर्ण यह समझना भी है कि विरोध का तरीका क्या हो और उसका उद्देश्य क्या होना चाहिए। किसी व्यवस्था में भ्रष्टाचार, अनियमितता या प्रशासनिक लापरवाही सामने आने पर आवाज उठाना आवश्यक है, लेकिन क्या हर समस्या का समाधान सड़कों पर आंदोलन, राजनीतिक दबाव और किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग तक ही सीमित होना चाहिए? क्या कानून और संविधान के दायरे में रहकर उठाई गई आवाज अधिक प्रभावी और स्थायी बदलाव का माध्यम नहीं बन सकती? आज आवश्यकता इस बात की है कि विरोध की संस्कृति को केवल भीड़, नारों और राजनीतिक टकराव तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे तथ्यों, कानूनी अधिकारों और संवैधानिक प्रक्रियाओं से जोड़ा जाए। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होने का अधिकार प्रदान करता है। इसका अर्थ है कि नागरिक सरकार की नीतियों की आलोचना कर सकते हैं, जनप्रतिनिधियों से जवाब मांग सकते हैं और प्रशासनिक निर्णयों के प्रति असहमति व्यक्त कर सकते हैं। हालांकि, ये अधिकार उचित कानूनी प्रतिबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित संवैधानिक सीमाओं के अधीन हैं। किसी व्यवस्था की गलतियों का विरोध करते समय कानून को कमजोर करना नहीं, बल्कि कानून का सहारा लेकर उस गलती को उजागर करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर, यदि शिक्षा व्यवस्था में अनियमितता हुई है, परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आई है या किसी विभाग में भ्रष्टाचार के प्रमाण मिलते हैं, तो सबसे पहले तथ्यों और साक्ष्यों को व्यवस्थित रूप से सामने लाया जाना चाहिए। संबंधित विभाग में शिकायत, सूचना का अधिकार (आरटीआई), सतर्कता विभाग, सक्षम जांच एजेंसी और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। यदि इन प्रक्रियाओं के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, तो शांतिपूर्ण धरना, प्रदर्शन और जनजागरण भी लोकतांत्रिक विरोध के वैध माध्यम हैं। महत्वपूर्ण यह है कि जनआवाज के साथ कानूनी प्रक्रिया भी आगे बढ़े, ताकि विरोध केवल नारों तक सीमित न रहकर जवाबदेही और परिणाम तक पहुंचे। किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग करना अपने आप में गलत नहीं है। यदि किसी गंभीर प्रशासनिक विफलता के लिए संबंधित मंत्री की जिम्मेदारी बनती है, तो राजनीतिक और नैतिक जवाबदेही तय करने की मांग पूरी तरह लोकतांत्रिक है। लेकिन वह प्रश्न विचारणीय है कि क्या केवल इस्तीफे से समस्या का स्थायी समाधान हो जाता है? यदि शिक्षा विभाग में अनियमितताएं हैं, तो केवल मंत्री बदलने से क्या पूरी व्यवस्था सुधर जाएगी? यदि परीक्षा प्रणाली में खामियां हैं, तो क्या नए मंत्री के आने से भविष्य में ऐसी गड़बड़ियां रुकने की गारंटी मिल जाएगी? वास्तविक बदलाव के लिए जरूरी है कि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो, दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए और व्यवस्था में मौजूद खामियों को दूर किया जाए। अन्यथा एक व्यक्ति पद छोड़ देगा और दूसरा पद संभाल लेगा, लेकिन मूल समस्या जस की तस बनी रह सकती है। इसलिए किसी भी विरोध का उद्देश्य केवल इस्तीफा हासिल करना नहीं, बल्कि जवाबदेही सुनिश्चित करना और व्यवस्था में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। जेन जेड यानी नई पीढ़ी में अपने अधिकारों के प्रति बढ़ती जागरूकता और सवाल पूछने का साहस लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। युवाओं की सबसे बड़ी ताकत केवल उनकी संख्या नहीं, बल्कि उनकी जानकारी, तार्किक सोच, तथ्यों की समझ और संगठित सामाजिक भागीदारी है। यदि युवा किसी सरकारी नीति या निर्णय से असहमत हैं, तो वे तथ्यों के आधार पर अपनी बात रख सकते हैं, संबंधित अधिकारियों से जवाब मांग सकते हैं, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दे सकते हैं और उपलब्ध कानूनी उपायों का सहारा ले सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी किया जा सकता है।

ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



स्वर्णलिप्त

दर्शन

उपदेश जब तन से दिया जाएगा तो सिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में धारित हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से बोध और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में सीता और चरित्र दोनों चरित्रार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्राकृतिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर दायरे को प्रकाश दिये, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान को समझा, भक्ति-भावना और कर्म को शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उनका मुख्य प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के लक्ष्य पुरुष का नाम भगवान राम ही उपलब्धि हुए, जिनका मार्मिकित गुणों का चिंतन करते हुए जो स्वयं तन, मन, धन, और जानेय स्वस्थ अपने सूक्ष्म स्वस्थ में रख रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ ईर्ष्या न रखें और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार समभाव को मानें। सहज सौम्यी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक समझे। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पाए तथा उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

मानव धर्म ही सर्वोपरि



सौजन्य

प्रेरणा

एक विदेशी को आजाद समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने आश्चर्य करते हुए राजा के खिलाफ एक कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी को गालियां सुना तो दीं, किंतु उसने कहा- महाराज! वह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है, आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आगे उठाई- महाराज! यह आपसे दुआ नहीं ताजिया दे रहा है। यह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना शिक्षकतुल्य समझते हैं, असल चोर रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सच्चाई जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सच है कि इस अपराधी ने आपसे ताजिया दी और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। गलत काम को सहयोगी मानकर तुमने राजधर्म को ठेस पहुंचाई है। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। विदेशी होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री जलेबियां तुमने सब इसलिए कहा, क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य को हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

भारत में भी खत्म हो सांसदों की पेंशन

ब्रिटेन ने 17 फरवरी 2025 को सांसदों की पेंशन समाप्त कर एक बेजा फैसला लिया जिसने भारत में भी राजनीतिक पन्नों से जुड़े आजीवन आर्थिक लाभों पर बहस छेड़ दी है। ब्रिटेन की संसद में पेंशन खत्म करने वाले विधेयक के पक्ष में 154 और विरोध में केवल दो वोट पड़े। नया कानून 1977 से लागू सांसद पेंशन कानून को समाप्त करता है और इसका असर उन पूर्व सांसदों पर भी पड़ा जो पहले से पेंशन प्राप्त कर रहे थे। ब्रिटेन के इस फैसले के बाद भारत में ओएनजीसी हर्ष लोधवाल ने प्रश्न पर सवाल उठाया कि क्या भारत में भी राजनीतिक जिम्मेदारियों पर पुनर्विचार का समय आ गया है। उनका तर्क है कि सार्वजनिक पद जिम्मेदारी है, आजीवन अधिकार नहीं।

- भक्तक चौधे, अंबिकापुर

करंट अफेयर

न्यूयार्क की परेड में सुनीता ने 'ग्रैंड मार्शल' की भूमिका निभाई

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता 'सुनी' विलियम्स ने न्यूयॉर्क सिटी में 10वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में 'ग्रैंड मार्शल' की भूमिका निभाई। अमेरिकी नौसेना की पूर्व सैनिक (वेटरन) विलियम्स के साथ इस वार्षिक परेड में हजारों अमेरिकी पूर्व सैनिक, वर्तमान सैन्य कर्मी, मार्चिंग बैंड, देशभक्त संगठन, सैन्य वाहन और अन्य प्रतिभागी शामिल हुए। यह परेड उन लोगों के सम्मान में आयोजित की जाती है, जिन्होंने वर्षों तक देश की सेवा की है।



ऑफ बीट

क्या होते हैं बायोमार्कर? कैसे होता है इनसे सेहत का आकलन

मान लीजिए कि पांच सदस्यों वाले एक परिवार पल्लू के बावरस के संपर्क में आता है, लेकिन उनमें से केवल दो लोग बीमार पड़ते हैं। एक व्यक्ति जीवनभर धूम्रपान करता है और 100 साल तक जीवित रहता है, जबकि अपने करियर के चरम पर पहुंचा एक पेशेवर खिलाड़ी अचानक दिल का दौरा पड़ने से मर जाता है। इसी तरह, कोई दवा कुछ मरीजों पर अच्छा असर दिखाती है, लेकिन कुछ मरीजों में गंभीर दुष्प्रभाव होने के कारण नैदानिक परीक्षण में विफल हो जाती है। क्या इनमें से किसी भी घटना का पहले से अनुमान लगाया जा सकता था? इसका सीधा जवाब है- अभी तक तो नहीं।



ट्रेंड

डेडलाइन जरूरी



कोई दो या चार, या लोग मान बनाए जा रहे होंगे हैं, या रिटेंटर आती जान जैसिंह में उत्तर लाख की कारोबार करते हैं। न्याय की प्रक्रिया में डेडलाइन बहुत जरूरी होती है। उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

हमेशा तैयार रहें रक्षा बल



हमारे रक्षा बलों को ऐसी सजावट और तकनीक विकसित करने चाहिए, जिससे दुश्मन को हमेशा देने या सामने आ सकने का मौका न मिले। साथ ही, इसे दुश्मन की किसी भी आक्रामक कार्रवाई के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। -राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

अखिलेश पूर्व सीएम ही रहेंगे



अखिलेश यादव पूर्व के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और इलाहाबाद पूर्व ही रहेंगे। कोर्ट लखनऊ या दूर अगर जो बटोहर अगाह को शहर में रहता है। शहर के महलों में रहने वालों को शहर नहीं पोकाने चाहिए। वे नहीं समझ सकते कि घटोहर का परिवार किस कठिनाई से गुजरा है, क्योंकि वे सिस्टम की तकलीफें नहीं देखते। -अहमदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम नेता

धर्म के नाम पर वोट न दें



मैं दुनिया तकनीकी से दूर रहता हूं, लेकिन सरकार को सिर्फ वोटों से डर लगता है। अगर आप सरकार के काम से खुश हैं, तो उसे वोट दें; लेकिन किसी दूसरे पार्टी को वोट दें क्योंकि, धर्म, जाति या रोजगार के आधार पर वोट न दें। लेकिन वोट देते समय विकास किसी के बारे में जरूरी सोचें। -राकेश टिकैत, किसान नेता

संक्षेप

तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

महताब पर अमेठी और गोंडा में आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस, गोवध समेत सात मुकदमे दर्ज

अमेठी, जगदीशपुर पुलिस ने शुक्रवार, 13 नवंबर को चेकिंग के दौरान महताब (40) को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। वह पूरे घासी मजरे कचनाव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम रियाज अहमद है। पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग के दौरान महताब को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा और .315 बोर का एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने जगदीशपुर थाने में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के अनुसार, महताब के खिलाफ अमेठी और गोंडा के अलग-अलग थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शेख नईम, कांस्टेबल संजय कुमार और अवनीश कुमार शामिल थे।

नीलगाय की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

संग्रामपुर के सोनारी कनू मोड़ पर हुआ हादसा, प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर

अमेठी, शुक्रवार को संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सैठा-लोहिया नगर मार्ग पर नीलगाय की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार 40 वर्षीय बृजेश द्विवेदी घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर ले जाया गया। बृजेश द्विवेदी, माता प्रसाद द्विवेदी के बेटे हैं और प्रतापगढ़ के सदर थाना क्षेत्र के कादीपुर के निवासी हैं। केंद्र प्रभारी डॉ. संतोष सिंह की देखरेख में उनका प्राथमिक उपचार किया गया। बृजेश ने बताया कि वे कादीपुर से मोटरसाइकिल पर सैठा-लोहिया नगर मार्ग होते हुए विशेषरगंज गए थे। घर लौटते समय सोनारी कनू मोड़ के पास सड़क पार कर रही नीलगाय उनकी मोटरसाइकिल से टकरा गई। टक्कर से मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और बृजेश को चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

भाभी और बहन गंभीर घायल, शादी के लिए देखने आने वाले थे रिश्तेदार

अमेठी , जगदीशपुर के रानीगंज-वारिसगंज मार्ग पर भीखनपुर के पास बृहस्पतिवार रात मुर्गी दाना लदे तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 20 वर्षीय श्याम बहादुर की मौत हो गई। उनकी भाभी सनी कुमारी (40) और बहन ऊषा (17) गंभीर रूप से घायल हो गईं। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। तीनों जगदीशपुर के दिछौली गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे।

साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को खैरीघाट पुलिस ने वापस कराए 25,999 रुपये, पीड़ित ने जताया आभार

एमआरएम पोर्टल के माध्यम से पीड़ित के खाते में वापस कराई गई पूरी धनराशि, साइबर टीम की सक्रियता से मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार

आर एन तिवारी



शिवपुर, बहराइच। साइबर अपराध पर प्रभावी कार्ऱयवाही करते हुए खैरीघाट पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति को बड़ी राहत दिलाई है। पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने पीड़ित के खाते से धोखाधड़ी कर निकाली गई 25 हजार 999 रुपये की पूरी धनराशि वापस करा दी। खाते में रकम वापस आने पर पीड़ित ने खैरीघाट पुलिस की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खैरीघाट थाना क्षेत्र निवासी कृष्ण कुमार के बैंक खाते से 30 अक्टूबर 2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से 25,999 रुपये निकाल लिए गए थे। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना खैरीघाट पुलिस से की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल साइबर अपराध पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराते हुए संबंधित बैंक से संपर्क किया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने बैंक के नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर पीड़ित की धनराशि होल्ड कराई। इसके बाद लगातार प्रयास करते हुए एमआरएम पोर्टल के माध्यम से 12 नवंबर 2026 को ठगी की पूरी रकम पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दी गई।यह कार्यवाही प्रभारी निरीक्षक थाना खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई।इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक जयपाल सिंह (प्रभारी साइबर हेल्प डेस्क), कंप्यूटर ऑपरेटर गुलशन चौधरी तथा आरक्षी अभिनन्दन पाण्डेय, निखिल सिंह और सक्षम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने खैरीघाट पुलिस का धन्यवाद करते हुए पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते ठगी गई धनराशि को वापस कराने की कार्यवाही की जा सके।

रुपईडीहा के आदर्श नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य हुए सम्मानित

स्वच्छ भारत अभियान में उत्कृष्ट योगदान पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति ने किया अभिनंदन

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। कमलेश श्रीवास्तव अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोध समिति लखनऊ के दिशा-निर्देशन के क्रम में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति जिला बहराइच द्वारा आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के लोकप्रिय चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत रुपईडीहा नगर पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में दिए गए उनके अत्यंत सफल और सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन डॉ. वैश्य को समिति की वार्षिक सेवा पथ पुस्तक 'दर्पण', अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। यह गरिमामयी कार्यक्रम उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन एवं नगर सचिव राजीव अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और पत्रकार बंधु उपस्थित रहे, जिनमें रुपईडीहा पत्रकार संघ उपाध्यक्ष बनारस गिरी, पत्रकार संजय कुमार गुप्ता, शकील अहमद, इरशाद हुसैन, संतोष मिश्रा, सिद्धनाथ गुप्ता, रमेश कुमार मिश्रा, केशव कुमार गुप्ता व शाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे। प्रशासनिक व संगठन प्रतिनिधि के रूप चेक पोस्ट इमीग्रेशन में तैनात उप निरीक्षक आशुतोष दुबे, संगठन मंत्री केसरी प्रसाद सोनी पत्रकार शाहिद हुसैन सहित दर्जनों सम्मानित लोग उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने चेयरमैन के स्वच्छता कार्यों की सराहना की और नगर के विकास में पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया।

जन्मदिन पर संदीप सिंह बिशेन के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब, फूलों के गुलदस्तों और उपहारों से हुआ भव्य स्वागत

ब्लॉक सभागार कैसरगंज में धूमधाम से मना जन्मदिन समारोह

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज ब्लॉक सभागार शुक्रवार को उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया। अवसर था कैसरगंज ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिशेन के जन्मदिन का। जन्मदिन समारोह को भव्य और यादगार बनाने के लिए क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और देखते ही देखते ब्लॉक सभागार शुभचिंतकों एवं समर्थकों की भारी भीड़ से भर गया। समारोह में कैसरगंज क्षेत्र के तमाम संभ्रांत नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में शिरकत कर ब्लॉक प्रमुख को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी हौसला अफजाई की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने फूलों के आकर्षक बुके, पुस्तकें, चित्रकलाएं एवं अन्य उपहार भेंटकर उनके प्रति अपना स्नेह और सम्मान प्रकट किया। लोगों ने संदीप सिंह बिशेन के स्वस्थ, सुखमय एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। जन्मदिन समारोह में उमड़ी भारी भीड़ और लोगों के उत्साह ने कार्यक्रम को खास बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान बधाइयों, शुभकामनाओं और आत्मीय स्वागत का सिलसिला जारी रहा। कैसरगंज क्षेत्र के हजारों लोगों की मौजूदगी से ब्लॉक सभागार में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को मिलने वाला गेहूं बीज जनपद को हुआ आवंटित

राजकीय कृषि बीज भण्डार के माध्यम से कराया जा रहा है वितरण

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि वर्तमान रबी अभियान के अन्तर्गत जनपद को गेहूँ बीज सामान्य वितरण योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर कुल 34638.00 कु. का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आज की तिथि तक कृषकों द्वारा कुल 14815.20 कु. गेहूं बीज की बुकिंग करायी गयी है। डॉ. यादव ने बताया कि चयनित किसानों के मोबाइल पर एसएमएस मैसेज भी प्रेषित किया गया है। वर्तमान मे सभी राजकीय कृषि बीज भण्डार पर गेहूं बीज की उपलब्धता कराते हुए नियमानुसार वितरण कराया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने समस्त पंजीकृत एवं चयनित कृषकों को सुझाव दिया गया है कि 19 नवम्बर 2026 तक संबंधित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर उपस्थित होकर पीओएस मशीन द्वारा अंगूठा लगाते हुये करायी गयी बुकिंग के सापेक्ष अपना बीज अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें। डॉ. यादव द्वारा यह भी जानकारी दी गयी है कि सभी निजी व सहकारी क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध है, किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर कन्ट्रोल रूम नम्बरों 7839882245 व 05252-235433 पर सम्पर्क करें।

स्व-गणना अभियान की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की बैठक

अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। 16 नवंबर से शुरू होने वाले स्व-गणना अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर तहसील कैसरगंज सभागार में उपजिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील क्षेत्र के समस्त इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों, सीडीपीओ, सप्लाई इंस्पेक्टर, बीडीओ एवं एबीएसए सहित संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। एसडीएम ने अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित समयसीमा में अभियान से संबंधित जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने पर जोर दिया।

राशन वितरण में गड़बड़ी पर झाला के कोटेदार की दुकान निलंबित

अमन लेखनी समाचार




मोतीपुर, बहराइच। ग्राम पंचायत झाला में राशन वितरण में अनियमितता का मामला सामने आया है। कार्डधारकों की शिकायत पर पूर्ति विभाग की ओर से की गई जांच के बाद उचित दर विक्रेता रघुवर की दुकान का अनुबंध निलंबित कर दिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर 12 नवंबर को पूर्ति निरीक्षक मिहींपुरवा कौशलेन्द्र प्रताप ने गांव पहुंचकर मामले की जांच की। इस दौरान राशन कार्डधारकों के बयान दर्ज किए गए। कार्डधारकों ने आरोप लगाया कि कोटेदार ने ई-पॉस मशीन पर उनका अंगूठा लगवा लिया, लेकिन इसके बाद भी उन्हें राशन नहीं दिया। ग्रामीणों ने राशन वितरण में अनियमितता किए जाने की शिकायत की। कार्डधारकों के बयान और जांच में सामने आई अनियमितताओं को देखते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने 13 नवंबर को उचित दर विक्रेता रघुवर की दुकान का अनुबंध पत्र निलंबित कर दिया। पूर्ति विभाग की इस कार्रवाई से राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले कोटेदारों में भी हड़कंप है।

युवती से रास्ते में छेड़छाड़ और मारपीट

आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची तो पीटा, मां समेत दो पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़ , क्वार्सी क्षेत्र में एक युवती के साथ रास्ते में रोककर छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने पुलिया पर युवती को रोककर उसके साथ अभद्रता की और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए धमकाया। युवक ने युवती के माता-पिता को लेकर भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। पीड़िता का आरोप है कि वह शिकायत लेकर युवक के घर पहुंची तो वहां भी उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। उसे घर से निकाल दिया गया। युवती की तहरीर पर क्वार्सी पुलिस ने आरोपी फरहान और उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



पुलिया पर रोककर की छेड़छाड़ और मारपीट

निशांत बाग क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जाकिर नगर की पीपल वाली गली निवासी फरहान पुत्र खुर्शीद आए दिन उसके साथ बदतमीजी करता है और धमकी देता है। आरोप है कि 11 नवंबर की शाम फरहान ने उसे रास्ते में पुलिया पर रोक लिया। इसके बाद उसके साथ छेड़छाड़ और मारपीट की। विरोध करने पर गाली-गलौज की और धमकी दी।

आरोपी की मां से शिकायत करने पहुंची तो भी की अभद्रता

पीड़िता के मुताबिक, घटना के बाद वह फरहान की मां से शिकायत करने उसके घर पहुंची। आरोप है कि वहां भी उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया। युवती का कहना है कि इस दौरान आरोपी के परिवार के अन्य सदस्यों ने भी फरहान का समर्थन किया। पीड़िता ने फरहान और उसके परिवार से खुद के साथ ही अपने परिजनों की जान-माल को खतरा बताया है।

पांच धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा

क्वार्सी पुलिस ने गुरुवार रात फरहान और उसकी मां के खिलाफ बीएनएस की पांच धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इनमें धारा 115(2), 352, 351(3), 126(2) और 74 शामिल हैं। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्रपाल सिंह को सौंपी गई है। पुलिस दर्ज मुकदमे के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

फार्मासिस्टों ने 18 मांगों पर दिया धरना

मांगें नहीं मानी गईं तो 20 नवंबर को लखनऊ के स्वास्थ्य भवन में प्रदर्शन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार को फार्मासिस्टों ने सीएमओ कार्यालय के सामने धरना दिया। धरना दोपहर 3:30 बजे तक चला। फार्मासिस्ट 18 लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय धरने पर बैठे। धरने के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने सीएमओ को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि मांगों पर समय रहते फैसला नहीं हुआ, तो 20 नवंबर को लखनऊ के स्वास्थ्य भवन में प्रदेशव्यापी धरना दिया जाएगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शशिकान्त मिश्रा ने कहा कि संगठन आंदोलन के लिए तैयार है। जिला मंत्री लक्ष्मण स्वरूप श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश संगठन एक साल से शासन और प्रशासन के सामने अपनी मांगें रख रहा है। ठोस कदम नहीं उठाए जाने के कारण फार्मासिस्टों को आंदोलन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई मांगों से सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। इसके बावजूद पहले हुए समझौतों को लागू नहीं किया जा रहा है। फार्मासिस्टों ने पदनाम बदलकर 'फामेर्सी अधिकारी' और चीफ फार्मासिस्ट का पदनाम 'चीफ फामेर्सी अधिकारी' करने की मांग की। साथ ही 4600 ग्रेड-पे या शुरूआती वेतनमान देने की मांग भी रखी। फार्मासिस्टों ने प्राथमिक उपचार के लिए सीमित दवाओं का नुस्खा लिखने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में दवा वितरण का अधिकार केवल फार्मासिस्टों को देने की मांग की। चिकित्सक विहीन केंद्रों पर पिछले 30 साल से मिल रहे 75 रुपए के चार्जिंग अलाउंस को कम से कम 10 गुना बढ़ाने की मांग भी की गई। ट्रॉमा सेंटरों और सीएचसी में कम से कम 3 फार्मासिस्ट और 2 चीफ फार्मासिस्ट के पद सृजित करने की मांग की गई। नई नियुक्तियों के लिए 1980 के मानकों में बदलाव कर न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बी-फार्मा तय करने को कहा गया।

पुलिस ने 147 गुम मोबाइल बरामद किए

24.60 लाख कीमत के फोन मालिकों को लौटाए, सीईआईआर पोर्टल और सर्विलांस की मदद ली

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, पुलिस ने अक्टूबर में उएकफ पोर्टल और सर्विलांस टीम की मदद से 147 गुम और खोए मोबाइल फोन बरामद किए। इनकी अनुमानित कीमत 24 लाख 60 हजार रुपये है। प्रतापगढ़ के पुलिस लाइन के सई कापलेक्स में दोपहर करीब 2:00 बजे पुलिस ने खुलासा किया शुक्रवार को पुलिस लाइन के साई कॉम्प्लेक्स में कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर और अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार ने फोन उनके मालिकों को सौंपे। पुलिस के मुताबिक, जिले के सभी थानों की साइबर टीमों और सर्विलांस सेल की तकनीकी मदद से ये फोन मिले। मोबाइल मालिकों ने फोन वापस मिलने पर पुलिस टीम और अधिकारियों का आभार जताया। पुलिस ने बताया कि अक्टूबर में सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर 79 प्रतिशत मोबाइल फोन वापस मिले। प्रतापगढ़ पुलिस अप्रैल में 40वीं रैंक पर थी और सितंबर तक 5वीं रैंक पर पहुंच गई। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत थाने में सूचना दें या सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इससे फोन की लोकेशन पता लगाने और उसे वापस पाने में मदद मिलती है।

कोल्ड ड्रिंक में जमालगोटा मिलाकर दो भाइयों को पिलाया

छोटे भाई की मौत, बड़ा भाई अस्पताल में भर्ती; पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , जेठवारा थाना क्षेत्र के चमरूपुर पठान गांव में कोल्ड ड्रिंक में जमालगोटा मिलाकर दो नाबालिग भाइयों को पिलाने का आरोप है। इससे छोटे भाई की मौत हो गई, जबकि बड़े भाई की हालत गंभीर हो गई। पुलिस ने 58 वर्षीय अशफाक अहमद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार शाम करीब 4 बजे मामले का खुलासा किया।

कोल्ड ड्रिंक और नमकीन देकर बुलाया था

पुलिस के मुताबिक, गांव के मोहम्मद आसिर ने शिकायत में बताया कि 18 अक्टूबर 2026 को गांव के सफवान के जरिए उनके दोनों बेटों को बुलाया गया था। आरोप है कि बच्चों को कोल्ड ड्रिंक और नमकीन दी गई। कोल्ड ड्रिंक में कथित तौर पर जहरीला पदार्थ जमालगोटा मिलाया गया था। इसके बाद 14 वर्षीय मोहम्मद अरफाज की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए मऊआइमा ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे प्रयागराज ले जाने की सलाह दी। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

बड़े भाई का 8-9 दिन चला इलाज

15 वर्षीय मोहम्मद अफ्फान की हालत गंभीर होने पर उसे प्रतापगढ़ के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से रेफर किए जाने के बाद प्रयागराज के करेली स्थित गौस अस्पताल में उसका करीब 8 से 9 दिन तक इलाज चला।

इलाज के लिए पैसे देकर शिकायत न करने का बनाया दबाव

मोहम्मद आसिर का आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने बड़े बेटे के इलाज के लिए करीब 2 लाख 80 हजार रुपए दिए। साथ ही डराने-धमकाने और बिरादरी व समाज का हवाला देकर पुलिस में शिकायत न करने का दबाव बनाया। आसिर के मुताबिक, इसी वजह से उस समय पुलिस को सूचना नहीं दी गई। उन्होंने अब भी धमकी मिलने का आरोप लगाया है। नहर पुलिया के पास से आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने 58 वर्षीय अशफाक अहमद को हारी का पुरवा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

संक्षेप

सैनिक पर हमले के दो आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

पटाखे छुड़ाने के विवाद में किया था हमला, दो तमंचे और कारतूस बरामद

बागपत , रमाला थाना क्षेत्र में राष्ट्रपति के अंगरक्षक सौरभ और उनके भाई पर जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार औरमध्यरात्रि हुई मुठभेड़ में धीरज के पैर में गोली लगी। वहीं, मोनू को पुलिस ने जंगल में तलाशी के दौरान पकड़ा। दोनों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। ट्यूबवेल पर बैठे होने की मिली थी सूचना मामला गोपालपुर खडाना गांव का है। दीपावली की रात पटाखे छुड़ाने को लेकर हुए विवाद में मोनू और धीरज ने सैनिक सौरभ और उनके भाई पर हमला किया था। इस दौरान सौरभ के सिर में गोली लगी थी। उनका मेरठ के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सौरभ राष्ट्रपति भवन में तैनात हैं और राष्ट्रपति के अंगरक्षक हैं। पुलिस अधीक्षक पूर्णेन्दु सिंह ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की थीं। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि सूचना मिली कि दोनों आरोपी एक ट्यूबवेल पर बैठे हैं। पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया धीरज पर चार और मोनू पर एक मुकदमा दर्जमुठभेड़ में धीरज के पैर में गोली लगी। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, मोनू को जंगल में तलाशी के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के पास से दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, धीरज पर पहले से चार आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि मोनू के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है। थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि जानलेवा हमले के मामले में फरार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

युवती से छेड़छाड़ और गाली-गलौज, आरोपी हिरासत में

विरोध करने पर मां और मामा को दी जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

बागपत , मेरठ रोड स्थित एक कॉलोनी में युवती से छेड़छाड़ और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घर के बाहर खड़ी युवती से की बदतमीजीयुवती ने पुलिस को बताया कि 11 नवंबर की रात करीब 9 बजे वह घर के बाहर खड़ी थी। तभी पुराना कस्बा निवासी आबिद वहां पहुंचा। आरोप है कि उसने युवती का हाथ पकड़कर बदतमीजी की। विरोध करने पर गाली-गलौज करने लगा। मां और मामा को दी धमक युवती के मुताबिक, शोर सुनकर उसकी मां और मामा घर से बाहर आए। आरोप है कि आबिद उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से चला गया। आरोपी से पूछताछ कर रही पुलिस पुलिस ने शाम करीब 6 बजे आरोपी को हिरासत में लिया। कोतवाली प्रभारी मनोज चाहल ने बताया कि युवती की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पति ने थप्पड़ जड़ा तो पत्नी ने कर दी हत्या

प्रयागराज में पत्थर से सिर कूंचने का सीसीटीवी आया; 3 महीने पहले लव-मैरिज की थी

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , पत्नी ने लव मैरिज के 3 महीने बाद ही पति की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, कहासुनी के दौरान पति ने पत्नी को थप्पड़ मार दिया। इससे वह भड़क गई। उसने पति के सिर पर पत्थर से ताबड़तोड़ 3 वार किए। महज 10 सेकेंड में उसकी जान ले ली। वारदात के बाद महिला पति की डेडबॉडी के पास बैठकर रोती रही। पुलिस ने उसे मौके से ही पकड़ लिया।पुलिस ने बताया कि महिला उर्मिला (30) ने 3 महीने पहले ही शेखर बंसल (35) से लव मैरिज की थी। यह उसकी दूसरी शादी थी। पहले पति ने उसे छोड़ दिया था। घटना 9 नवंबर को जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर शंकरगढ़ में हुई, लेकिन इसका वीडियो आज सामने आया।

मध्य प्रदेश में मिले, फिर मंदिर में की शादी

यमुनापार के शंकरगढ़ का रहने वाला शेखर बंसल (35) मध्य प्रदेश में मजदूरी करता था। तीन महीने पहले उसकी मुलाकात उर्मिला (30) से हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और वे करीब आ गए। उर्मिला अपने बेटे के साथ शेखर के साथ रहने लगी। इसके बाद शेखर उसे और उसके बेटे को प्रयागराज ले आया। दोनों ने मंदिर में शादी कर ली।

पत्नी घर नहीं चली तो थप्पड़ मारा

शेखर शराब पीने का आदी था। वह रोज शराब पीकर पत्नी से झगड़ा करता था। 9 नवंबर की दोपहर उर्मिला घर के बाहर पड़ोस की महिलाओं से बात कर रही थी। तभी शराब के नशे में शेखर वहां पहुंचा। वह उसे घर ले जाने लगा, लेकिन उर्मिला अंदर जाने के बजाय सड़क की ओर चलने लगी।

पत्थर से पति के सिर पर किए 3 वार

शेखर भी उसके पीछे चलने लगा। एक घर के बाहर उर्मिला रुक गई। इसके बाद शेखर उसके पैरों पर हाथ जोड़कर लेट गया। फिर अचानक उसने उर्मिला को थप्पड़ मार दिया। इससे गुस्साई उर्मिला ने पास में पड़ा बड़ा पत्थर उठाया और शेखर के सिर पर ताबड़तोड़ 3 वार कर दिए। इससे उसकी मौत हो गई।

अभी भी हवा सांस लेने लायक नहीं

प्रदूषण 313 पर, सुबह धुंध और स्मॉग; एक सप्ताह में बढ़ेगी ठंड

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , दिवाली पर हुई आतिशबाजी के बाद हवा की गुणवत्ता अब तक सामान्य नहीं हो सकी है। शुक्रवार सुबह शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 313 दर्ज किया गया। यह बहुत खराब श्रेणी में आता है। हालांकि, दिवाली के बाद सोमवार को अदक 500 के पार पहुंच गया था। इसके मुकाबले प्रदूषण का स्तर कम हुआ है, लेकिन हवा अब भी सांस लेने के लिहाज से साफ नहीं है। सुबह के समय शहर के कई इलाकों में धुंध और स्मॉग दिखाई दे रहा है। हवा में मौजूद 2.5 और 10 के बारीक कण लोगों की सेहत पर असर डाल सकते हैं। इससे आंखों में जलन, खांसी, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी हो सकती है। दिवाली के बाद 500 पार पहुंचा था अदकदिवाली की रात शहर में देर तक आतिशबाजी हुई। पटाखों से निकले धुएं और प्रदूषित कणों के कारण हवा की गुणवत्ता बिगड़ गई। सोमवार को अदक 500 के पार पहुंच गया था। इसके बाद भी प्रदूषण से राहत नहीं मिली। एयर क्वालिटी इंडेक्स 356 दर्ज किया गया, जबकि शुक्रवार सुबह यह घटकर 313 पर पहुंच गया। लगातार गिरावट के बावजूद प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है।

बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी की जरूरत

हवा में मौजूद प्रदूषित कणों का असर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों पर ज्यादा पड़ सकता है। आंखों में जलन, खांसी, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। ऐसे में प्रदूषण का स्तर सामान्य होने तक सावधानी बरतने की जरूरत है।

एक सप्ताह में बढ़ेगी ठंड, गिरेगा तापमान

मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, प्रयागराज में अगले एक सप्ताह के दौरान ठंड बढ़ने के आसार हैं। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट दर्ज हो सकती है।

चंद्रशेखर-ओवैसी के गठबंधन पर मेरठ में बंटे लड्डू

कार्यकर्ता बोले- सपा-बसपा ने दलितों-मुस्लिमों को ठगा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की पार्टियों के गठबंधन का मेरठ में कार्यकताओं ने स्वागत किया। गठबंधन के ऐलान के बाद कार्यकर्ता नौचंदी ग्राउंड पहुंचे और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जताई। कार्यकताओं ने कहा कि सपा और बसपा ने दलितों और मुस्लिमों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। अब दोनों समुदायों को नया राजनीतिक विकल्प मिला है। एआईएमआईएम पार्षद फजल करीम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सामाजिक परिवर्तन मोर्चा के नाम से तीसरा मोर्चा बना है। यह गठबंधन दलितों और मुस्लिमों के हितों की बात करेगा। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। मेरठ की सातों विधानसभा सीटों पर भी दावेदारी की जाएगी। आसपा के जिला अध्यक्ष चरण सिंह ने कहा कि प्रदेश में मुस्लिम आबादी करीब 19 प्रतिशत और दलित आबादी करीब 21 प्रतिशत है। दोनों समुदायों की कुल आबादी करीब 40 प्रतिशत है। इस गठबंधन से सपा और बसपा के राजनीतिक समीकरण प्रभावित होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की सेक्युलर पार्टियों ने दलितों और मुस्लिमों को निराश किया है। बसपा ने मुस्लिमों के वोट लिए, लेकिन उनके हितों के लिए अपेक्षित काम नहीं किया।

पंचायत के बीच किसानों ने बनाई मेड़ा की अर्थी

11 दिन से धरने पर डटे, सचिव के आश्वासन के बाद भी धरना जारी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,मेरठ विकास प्राधिकरण परिसर में रुके हुए प्रतिकर और प्लॉट की मांग को लेकर किसानों का धरना 11वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर किसानों ने पंचायत की। इसमें लोहियानगर, गंगानगर और वेदव्यासपुरी योजना के किसानों के साथ विभिन्न किसान और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पंचायत में किसानों ने मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया। किसानों ने पंचायत में पांच बिंदुओं पर अपनी रणनीति रखी। इसमें विकास प्राधिकरण कार्यालय की तालाबंदी, शव यात्रा निकालने, चूड़ियां भिजवाने और मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने की मांग प्रमुख रही। किसानों ने कहा कि मुख्यमंत्री दो दिन बाद मेरठ आएंगे। ऐसे में प्रशासन उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने की व्यवस्था करे, ताकि किसान अपनी समस्या सीधे उनके सामने रख सकें। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो सभी संगठनों और राजनीतिक दलों को बुलाकर महापंचायत की जाएगी। जरूरत पड़ने पर भूख हड़ताल भी शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि तीनों योजनाओं के किसान अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। यह लड़ाई करो या मरो की स्थिति तक पहुंच चुकी है। किसान बिना रुका हुआ प्रतिकर और प्लॉट लिए धरना समाप्त नहीं करेंगे। किसानों ने बताया कि विकास प्राधिकरण के सचिव भी धरना स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने किसानों से धरना जारी रखने के बजाय 20 तारीख तक इंतजार करने का आग्रह किया। सचिव ने कहा कि वह इस अवधि में लखनऊ जाकर मुख्य सचिव से किसानों की समस्याओं पर वार्ता करेंगे। किसानों का कहना है कि तीनों योजनाओं के किसानों की मांगों का समाधान होने तक धरना जारी रहेगा।

मीटर-रीडिंग के बाद दो चरणों में होगी बिल की जांच

यूपी में 93.25 लाख बिजली उपभोक्ताओं पर 63,357 करोड़ है बकाया

अमन लेखनी समाचार



उत्तर प्रदेश की पांचों बिजली वितरण कंपनियों के 93.25 लाख उपभोक्ताओं पर 63,357 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। इनमें 52.41 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्होंने लंबे समय से बिल जमा नहीं किया है। वहीं, 40.83 लाख उपभोक्ताओं ने अब तक कभी बिजली बिल का भुगतान ही नहीं किया। बिजली कंपनियों के लिए इतनी बड़ी रकम की वसूली चुनौती बनी हुई है। पावर कॉरपोरेशन ने बिजली बिलों में गड़बड़ी रोकने और उपभोक्ताओं को सही बिल उपलब्ध कराने के लिए डबल स्टेज ऑडिट व्यवस्था लागू की है।

बिल तैयार करने से पहले प्री-ऑडिट होगी

नई व्यवस्था के तहत मीटर रीडिंग मिलने के बाद बिजली बिल तैयार करने से पहले प्री-ऑडिट किया जाएगा। इसके बाद बिल तैयार होने पर उपभोक्ताओं को भेजने से पहले पोस्ट-ऑडिट होगा। यानी बिल जारी होने से पहले दो स्तरों पर उसकी जांच की जाएगी। इससे मीटर रीडिंग और बिलिंग में होने वाली गलतियों को समय रहते पकड़ा जा सकेगा। साथ ही उपभोक्ताओं को सही और पारदर्शी बिल मिलने का रास्ता साफ होगा।

52.41 लाख उपभोक्ताओं ने लंबे समय से नहीं भरा बिल

प्रदेश की पांचों बिजली कंपनियों के आंकड़ों के अनुसार, 52 लाख 41 हजार 129 उपभोक्ता ऐसे हैं, जो लंबे समय से बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इन पर करीब 35,817.51 करोड़ रुपए बकाया हैं। वहीं, 40 लाख 83 हजार 913 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल कभी जमा ही नहीं किया।

इन पर 27,539.97 करोड़ रुपए का बकाया है।

गाड़ी की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड की मौत

बहरामपुर अंडरपास के पास ड्यूटी से घर लौट रहे थे; चालक फरार

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , विजयनगर थाना क्षेत्र में बहरामपुर अंडरपास के पास रात सड़क हादसे में सिक्योरिटी गार्ड मुकेश यादव की मौत हो गई। वह दिल्ली में ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।पुलिस के मुताबिक, हादसे में गंभीर रूप से घायल मुकेश सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें एमएमजी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टक्कर के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मुकेश यादव मूल रूप से शाहीन ब्लॉक कॉलोनी, छपरौला, गौतमबुद्धनगर के रहने वाले थे। वह दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्थित मैसर्स दिनेश कुमार यादव सिक्योरिटी एजेंसी में सिक्योरिटी गार्ड थे। रात ड्यूटी पूरी करने के बाद वह घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे वह बहरामपुर अंडरपास के पास पहुंचे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। आसपास से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उनके परिजनों को भी हादसे की जानकारी दी। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है और अन्य तरीकों से फरार चालक की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

29,552 नए मतदाताओं के नाम जुड़े

17 नवंबर से नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन के लिए आवेदन कर सकेंगे

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के बाद मेरठ जिले में 29,552 नए मतदाताओं के नाम जुड़े हैं। जिले में अब कुल 22,23,189 मतदाता हैं। एसआईआर के बाद यह संख्या घटकर 21,93,637 रह गई थी। आंकड़ों के मुताबिक, मेरठ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 8,472 मतदाताओं के नाम बढ़े। अभियान के तहत 17 और 24 अक्टूबर को पोलिंग बूथों पर विशेष शिविर लगाए गए थे। एसआईआर के बाद प्रदेश में बड़ी संख्या में वोट कटने पर विपक्षी दलों ने विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग भी की थी। इसके बाद चुनाव आयोग ने छूटे हुए पात्र और नए मतदाताओं के लिए अभियान चलाया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम (प्रशासन) ने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची 17 नवंबर को जारी होगी। 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक नाम जुड़वाने, हटवाने या संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। इनका निपटारा 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा।

विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या के आंकड़े :

मेरठ दक्षिणः अप्रैल में 3,91,738; अक्टूबर तक 4,00,210; 8,472 नए मतदाता।

मेरठ शहरः अप्रैल में 2,55,238; अक्टूबर तक 2,60,974; 5,736 नए मतदाता।

कैंटः अप्रैल में 3,16,239; अक्टूबर तक 3,20,567; 4,328 नए मतदाता।

किठौरः अप्रैल में 3,22,769; अक्टूबर तक 3,26,823; 4,054 नए मतदाता।

सरधनाः अप्रैल में 3,07,817; अक्टूबर तक 3,10,993; 2,576 नए मतदाता।

हस्तिनापुरः अप्रैल में 3,03,351; अक्टूबर तक 3,05,606; 2,255 नए मतदाता।

सिवालखासः अप्रैल में 2,96,485; अक्टूबर तक 2,98,616; 2,131 नए मतदाता।

जिले में विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों की अंतिम सूची भी जारी की गई है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि कुल 1,161 मतदान केंद्र और 2,874 मतदेय स्थल तय किए गए हैं।सिवालखास में 182 मतदान केंद्र और 383 मतदेय स्थल हैं। सरधना में 182 मतदान केंद्र और 411 मतदेय स्थल हैं। हस्तिनापुर में 190 मतदान केंद्र और 389 मतदेय स्थल हैं। किठौर में 173 मतदान केंद्र और 410 मतदेय स्थल हैं।

कैंट में 144 मतदान केंद्र और 435 मतदेय स्थल हैं। मेरठ शहर में 127 मतदान केंद्र और 322 मतदेय स्थल हैं। मेरठ दक्षिण में 163 मतदान केंद्र और 524 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

ग्रेटर नोएडा में कार खाई में पलटी, किशोर की मौत

तीन बच्चे घायल; मां को यमुना एक्सप्रेसवे पर छोड़कर लौटते समय हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार



जेवर,ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा क्षेत्र में दोपहर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद कार सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में 13 वर्षीय रोहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे घायल हो गए। घायलों को जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो मार्ग पर नगला हुकमसिंह गांव के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक, गांव आकलपुर निवासी योगेश भाटी की पत्नी उमा देवी गुरुवार को अपने मायके अलीगढ़ जा रही थीं। उनका बेटा रोहन (13) और परिवार के हनी (18), निशांत (13) व दीपेश (11) बलेनो कार से उन्हें यमुना एक्सप्रेसवे पर छोड़ने गए थे। कार में चालक समेत चार बच्चे सवार थे। उमा देवी को छोड़ने के बाद चारों बच्चे कार से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गुरुवार शाम करीब 3 बजे कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई और खाई में पलट गई। हादसे में रोहन की मौके पर ही मौत हो गई।

इंटीरियर फैक्टरी में लगी भीषण आग

आसपास की फैक्टरियां खाली कराईं, 8 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र स्थित ईकोटेक-2 के उद्योग केंद्र में दोपहर एक इंटीरियर फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग गोपाला इंटीरियर कंपनी की बाहरी बिल्डिंग में लगी थी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास की फैक्टरियों में काम कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सभी कर्मचारी बाहर निकल आए। आग फैलने की आशंका को देखते हुए आसपास की फैक्टरियों को भी खाली करा लिया गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। पुलिस की मदद से दमकलकर्मियों ने करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दोपहर 3:30 बजे लगी आगजानकारी के अनुसार, उद्योग विहार एक्सटेंशन स्थित गोपाला इंटीरियर फैक्टरी में बृहस्पतिवार दोपहर करीब 3:30 बजे आग लगी। आग की लपटें और धुआं उठता देखकर आसपास की फैक्टरियों में काम कर रहे कर्मचारी बाहर निकल आए। इस दौरान कई लोग आग का वीडियो बनाने लगे।सूचना मिलते ही ईकोटेक-3 फायर स्टेशन के साथ अन्य फायर स्टेशनों से भी दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग के फैलने की आशंका को देखते हुए एहतियातन आसपास की फैक्टरियों को खाली करा लिया गया।

एसोसिएट प्रोफेसर 10वीं मंजिल से कूदी, मौत

नौकरी जाने के बाद से तनाव में थीं, पुलिस कारणों की जांच कर रही

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र की केंद्रीय विहार सोसायटी में शाम एक महिला ने 10वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरूआती जानकारी में महिला के नौकरी छूटने के बाद से तनाव में होने की बात सामने आई है। हालांकि, पुलिस को अभी तक आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान 34 वर्षीय सायना के रूप में हुई है। वह अपने पति रोहित मुंजाल और पांच साल के बेटे के साथ केंद्रीय विहार सोसायटी के सी-10 टावर में रहती थीं। बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह सोसायटी की 10वीं मंजिल से नीचे गिर गईं। ऊंचाई से गिरने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सायना ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क इलाके में एक निजी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर थीं। वह कंप्यूटर साइंस विषय पढ़ाती थीं। कुछ समय पहले उनकी नौकरी चली गई थी। इसके बाद से वह तनाव में चल रही थीं। पुलिस के अनुसार उनके पति रोहित मुंजाल ने पूछताछ के दौरान नौकरी छूटने के बाद से पत्नी के तनाव में रहने की बात बताई है।

जालौन में बनेंगी 50 कपि वन वाटिकाएं, बंदरों को मिलेगा प्राकृतिक आश्रय

आबादी से दूर बसाए जाएंगे बंदरों के लिए फलदार पेड़ों से युक्त वन, पकड़ने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



जालौन।जनपद में बंदरों के बढ़ते आतंक और मानव-वानर संघर्ष की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। इसके तहत पूरे जनपद में लगभग 50 कपि वन वाटिकाएं विकसित की जाएंगी। इन वाटिकाओं में बंदरों के लिए भोजन और सुरक्षित आश्रय की प्राकृतिक व्यवस्था की जाएगी, ताकि उन्हें आबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखा जा सके। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी समीर ने कपि वन वाटिकाओं के विकास और पौधों के संरक्षण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति के साथ तहसील स्तरीय समितियों का भी गठन कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों के समीप कम से कम एक हेक्टेयर भूमि पर कपि वन वाटिकाएं विकसित की जाएं। इनमें आम, जामुन, अमरूद, कटहल, बड़हल, बेल, गूलर और बेर जैसे फलदार एवं छायादार पौधे लगाए जाएं। साथ ही पौधों की सिंचाई, सुरक्षा और नियमित देखभाल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंदरों को पकड़ने के लिए तत्काल टेंडर प्रक्रिया शुरू कर उसे शीघ्र पूरा कराया जाए।

वन विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर जल्द ही बंदरों को पकड़ने का अभियान शुरू किया जाए, जिससे नगरीय क्षेत्रों के लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि कपि वन वाटिकाओं का विकास पर्यावरण संरक्षण के साथ मानव और वन्यजीवों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी संबंधित विभाग इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

आरक्षी भर्ती चिकित्सा परीक्षण केंद्र का एसपी ने किया औचक निरीक्षण, पारदर्शिता के दिए निर्देश

दलालों और बिचौलियों के झांसे में न आएं अभ्यर्थी, भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट के आधार पर होगी संपन्न

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जनपद में चल रही आरक्षी भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने शुक्रवार को स्थापित चिकित्सा परीक्षण केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक मानक मापन के तहत अभ्यर्थियों की ऊंचाई, सीना और वजन की जांच सहित चिकित्सा परीक्षण की पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद चिकित्सा टीम और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि परीक्षण का कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। साथ ही अभ्यर्थियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने और किसी को भी असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने आए अभ्यर्थियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने अभ्यर्थियों को सचेत करते हुए कहा कि वे किसी भी दलाल या बिचौलिए के झांसे में न आएं। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और चयन केवल मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

भर्ती के नाम पर किसी को भी कोई शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है। निरीक्षण के अंत में एसपी ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा परीक्षण केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू और संतोषजनक पाई गईं।

गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधियों की संपत्ति जब्तीकरण में तेजी लाने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



जालौन।जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी समीर वर्मा और पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गैंगस्टर एक्ट के तहत की जा रही कार्रवाई और अपराध नियंत्रण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी सहित प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संगठित अपराध और आपराधिक गिरोहों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई की जाए। अपराध से अर्जित संपत्तियों के जब्तीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही न्यायालयों में विचाराधीन गंभीर आपराधिक मामलों में प्रभावी पैरवी करने पर जोर दिया, जिससे आरोपियों को समयबद्ध तरीके से सजा दिलाई जा सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अपराध और अपराधियों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। जनपद में भयमुक्त वातावरण कायम रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्रवाई जारी रखेंगे।

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियां तेज, संवेदनशील क्षेत्रों और मतदान केंद्रों पर रहेगी विशेष निगरानी

धनबल और प्रलोभन रोकने के लिए सीमावर्ती चेकपोस्टों पर होगी सघन जांच, संदिग्ध वित्तीय लेन-देन पर भी रहेगी नजर

अमन लेखनी समाचार



जालौन। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। निर्वाचन के दौरान धनबल, शराब, मादक पदार्थों और मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए व्यय संवेदनशील क्षेत्रों के साथ क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदेय स्थलों का चिन्हांकन कर विशेष निगरानी की जाएगी। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी समीर तथा पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव राज, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निर्वाचन व्यय की निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और प्रवर्तन एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगदी, शराब, मादक पदार्थों, बहुमूल्य धातुओं और मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए बांटी जाने वाली वस्तुओं के अवैध परिवहन एवं वितरण पर कड़ी नजर रखी जाए। अंतरराज्यीय सीमाओं पर स्थित चेकपोस्टों पर सघन जांच की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही बैंकों में असामान्य रूप से बड़ी धनराशि जमा होने और निकासी सहित संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की निगरानी भी की जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान हुई जब्ती तथा पिछले छह माह की गैर-निर्वाचन अवधि में सामने आई गतिविधियों के आंकड़ों का विश्लेषण कर व्यय संवेदनशील क्षेत्रों का निर्धारण किया जाए। क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों की पहचान कर वहां सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। बैठक में निर्वाचन आयोग के ईएसएमएस वेब पोर्टल (इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम) की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जिला नोडल अधिकारियों और उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दलों की पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग तथा लॉगिन प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। जब्ती से संबंधित विवरण दर्ज करते समय सामग्री की मात्रा, माप की इकाई और मूल्य का विशेष ध्यान रखने तथा दोहरी प्रविष्टि से बचने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारी वरिष्ठ स्तर के अधिकारी ही नामित किए जाएं और बैठकों में उनकी स्वयं उपस्थिति अनिवार्य होगी। किसी कनिष्ठ अधिकारी को प्रतिनिधि के रूप में भेजना स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को पूर्व की जब्ती, सीमावर्ती क्षेत्रों की गतिविधियों और जांच में सामने आई चुनौतियों के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

एसपी ने पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण, पुलिसकर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



जालौन। पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चंद्र रावत ने शुक्रवार को पुलिस लाइन उरई में साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल के अनुशासन, वर्दी की साज-सज्जा, टर्नआउट और शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सदैव सतर्क और अलर्ट मोड में रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। परेड के बाद एसपी ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं, क्वार्टर गार्ड, बैरकों, कैंटीन और पुलिस मेस का निरीक्षण किया। मेस की व्यवस्थाओं को देखते हुए उन्होंने जवानों को स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस लाइन परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने और शत-प्रतिशत स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित प्रभारियों को निर्देशित किया। इसके बाद आयोजित अर्दली रूम में एसपी ने पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, फिटनेस और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया।

गोरपुरा विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित, 60 बच्चों ने लिया हिस्सा

ढिपकई विद्यालय प्रथम, खड़ौरा द्वितीय और गौरपुरा तृतीय स्थान पर रहा

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव



गरौठा (झांसी)। सेवार्थ जनकल्याण समिति ग्वालियर की ओर से शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोरपुरा में शैक्षणिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के करीब 60 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में इतिहास, भूगोल, गणित, विज्ञान, हिंदी एवं खेल से संबंधित प्रश्न पूछे गए। मुख्य अतिथि समिति के उपाध्यक्ष मेजर मनोज पांडे ने कहा कि शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास और राष्ट्र की समृद्धि का आधार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी आर.बी. पटेरिया ने की। प्रतियोगिता में शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढिवकई ने प्रथम, खड़ौरा ने द्वितीय तथा गोरपुरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को शैक्षणिक सामग्री, मानचित्र, रजिस्टर, पेन एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवार्थ जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ओपी दीक्षित, विवेक पांडे, मोहित जोशी प्रधानाध्यापक रामपाल यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपेंद्र सिंह यादव, कृष्णकांत यादव, दिनेश कुमार अजयपाल सहित पत्रकार, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

लंबित विवेचनाओं के निस्तारण और वांछितों की गिरफ्तारी में तेजी लाने के निर्देश

अपर पुलिस अधीक्षक ने उरई सर्किल के प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों और विवेचकों के साथ किया अर्दली रूम

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक जालौन ने उरई सर्किल के समस्त प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों एवं विवेचकों के साथ अर्दली रूम किया। इस दौरान विभिन्न थानों में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। अर्दली रूम के दौरान वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, निरोधात्मक कार्रवाई और पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं विवेचकों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी लाने तथा शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निदेशों के तहत संचालित अभियानों को गंभीरता से पूरा करने पर जोर दिया। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण के लिए सक्रियता के साथ कार्य करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

रामकुंड तालाब पर छठ पूजा की तैयारियां शुरू, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दुरुस्त होंगी व्यवस्थाएं

अमन लेखनी समाचार



(जालौन) उरई। आगामी छठ पूजा पर्व को लेकर शहर के रामकुंड तालाब पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की कवायद शुरू कर दी है। जिलाधिकारी समीर के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद उरई द्वारा पूजा स्थल पर साफ-सफाई सहित अन्य जरूरी इंतजाम कराए जा रहे हैं। तैयारियों के तहत रामकुंड तालाब और उसके आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। तालाब में जमा गंदगी, जलकुंभी और अन्य अपशिष्ट हटाकर घाट परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया जा रहा है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने और पूजा स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आवश्यक स्थानों पर हाईमास्ट लाइट भी लगाई जाएंगी। वहीं, सुरक्षा और निगरानी के लिहाज से पूजा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और स्वच्छता संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। जिलाधिकारी समीर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छठ पूजा से पहले सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को शांतिपूर्ण एवं सुविधाजनक माहौल में पूजा-अर्चना करने में कोई परेशानी न हो।

मेरी तैयारी की सूची बनाएं: मेरे परिवार की छठ परंपराओं के अनुसार जरूरी चीजें और काम व्यवस्थित करें।मेरा छठ शुभकामना कार्ड बनाएं: मेरे संदेश और नामों के साथ एक खास कार्ड तैयार करें। मेरे बच्चे को छठ समझाएं: उसकी उम्र के अनुसार आसान भाषा में छठ का महत्व और परंपराएं बताएं। मेरी पारिवारिक याद को कहानी बनाएं: मेरी साझा की हुई याद को मेरी अपनी आवाज में कहानी का रूप दें। आप इनमें से किसी गतिविधि का नाम या नंबर बताकर शुरू कर सकते हैं।

संतश्री अशोक तिवारी स्मृति सम्मान से अलंकृत किए जाएंगें प्रो.संजय द्विवेदी

गोपालगंज (बिहार) में आयोजित सदानीरा महोत्सव में होगा सम्मान

अमन लेखनी समाचार



भोपाल। प्रख्यात लेखक प्रो.संजय द्विवेदी को राष्ट्रीय चेतना के जागरण संबंधी लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए संतश्री अशोक तिवारी स्मृति सम्मान से अलंकृत किए जाने की घोषणा की गयी है। उन्हें यह सम्मान 18 नवंबर को गोपालगंज (बिहार) में आयोजित सदानीरा महोत्सव-2026 में प्रदान किया जाएगा। भारत के इस पहले ग्रामीण लिट्लेचर फेस्टिवल सदानीरा महोत्सव का आयोजन हर साल गोपालगंज के करवतही बाजार में आयोजित किया जाता है। प्रो.संजय द्विवेदी प्रख्यात मीडिया शिक्षाविद् और वरिष्ठ पत्रकार हैं, जिन्होंने मीडिया शिक्षा, शोध और व्यावहारिक पत्रकारिता-तीनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे भारतीय जन संचार संस्थान (ककटउ), नई दिल्ली के महानिदेशक रहे हैं। इससे पूर्व वे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में प्रभारी कुलपति तथा कुलसचिव जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में वे इसी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में आचार्य और अध्यक्ष हैं। प्रो द्विवेदी ने राष्ट्रबोध और संचार विमर्श से संबंधित विषयों पर 33 पुस्तकों का लेखन एवं संपादन किया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सर्वेश तिवारी श्रीमुख ने बताया कि सदानीरा महोत्सव साहित्य, संस्कृति, समाज और बौद्धिक चेतना के विविध पक्षों को समर्पित सांस्कृतिक आयोजन है। इसमें इस साल प्रो. द्विवेदी के अलावा फिल्म समीक्षक रमेश अनुपम, लोकगायक मदन राय, कवि सुनील कुमार तंग, बलराम बल्लू को भी सम्मानित किया जाएगा। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में देश भर से 100 से अधिक लेखक, कवि और साहित्यकार भाग लेंगे। महोत्सव में साहित्यिक परिचर्चा, कवि सम्मेलन और संगीत संध्या का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि सदानीरा महोत्सव पूर्वांचल के प्रमुख साहित्यिक आयोजनों में अपनी अलग पहचान बना चुका है और अब इसकी चर्चा देश के विभिन्न हिस्सों में होने लगी है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



काली खेती का डरावना ट्रेलर रिलीज जैकी-शरद की दमदार एक्टिंग

नई दिल्ली। जब खेती जाग उठेगी, तब क्या होगा? फिल्म 'काली खेती' का डर अब खेतों से निकलकर असल जिंदगी तक पहुंच गया है। फिल्म का रोमांचक ट्रेलर दर्शकों को अपने वाले खौफ की एक झलक दिखाता है। जैकी श्रॉफ और शरद केलकर की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म का ट्रेलर एक ऐसी डरावनी दुनिया की झलक पेश करता है, जहां खेती अब केवल फसल उगाने की जगह नहीं रह गई है, बल्कि एक बेहद खौफनाक जगह बन चुकी है। फिल्म की डरावनी पृष्ठभूमि में हर तरफ रहस्य और भय का माहौल नजर आता है, जहां हर राज अपने साथ डर लेकर आता है। यह डरावनी फिल्मों में आमतौर पर दिखाई जाने वाली कहानियों से आगे बढ़ता है।

लाइफ Style

समरीन

क्रिकेटर अर्शदीप से हुई सगाई

पंजाबी अभिनेत्री तकरीन कौर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट से अपने फैंस को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने बताया है कि क्रिकेटर से उनकी सगाई हो गई है। तस्वीरों में साथ अभिनेत्री ने एक प्यारी पोस्ट लिखी है।

नई दिल्ली। अभिनेत्री ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें वह अपनी सगाई की अंगूठी दिखा रही हैं। वह अर्शदीप के साथ गले मिल रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'जिंदगी हमें जो कुछ भी दे सकती थी, उनमें से सबसे अच्छी बात यह है कि जीवन भर साथ रहने के लिए उसने हमें एक-दूसरे से मिलाया।' अर्शदीप और समरीन पिछले कुछ समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। अब इन दोनों ने जीवनभर साथ रहने का फैसला किया है और सगाई कर ली है। समरीन कौर सिनेमा जगत की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। वह धीरे-धीरे अपनी पहचान बना रही हैं। वह कई पंजाबी म्यूजिक वीडियोज और फिल्म प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं। खासतौर पर यंग ऑडियंस के बीच काफी पॉपुलर हो रही हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। यहां वह अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की झलक फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। समरीन कौर का जन्म 1999 में जम्मू-कश्मीर में हुआ था। उनकी मां प्रोफेसर हैं और पिता भी शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हैं, इसलिए बचपन से ही उनके जीवन में अनुशासन और पढ़ाई अहम हिस्सा रहे। समरीन ने पुणे के सिम्बायोसिस से बी.कॉम (ऑनर्स) किया और बाद में चंडीगढ़ से एमबीए की पढ़ाई पूरी की। साल 2018 में अभिनेत्री की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया। वह फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में स्टेट फाइनलिस्ट बनीं।



हॉलीवुड मसाला

रसेल को 10.5 साल की सजा




लॉस एंजिलस। ब्रिटिश एक्टर-कॉमेडियन रसेल ब्रांड से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। रसेल एक महिला के साथ रेप और तीन अन्य महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी पाए गए हैं। लंदन की एक अदालत ने उन्हें जेलकार की सजा सुनाई है। उन्हें 10.5 साल की जेल हुई है। जिस मामले में उन्हें सजा हुई, वो 20 साल पुराना मामला है। जज जोहन बैंजामिन ने रसेल ब्रांड से कहा कि उन्होंने महिलाओं के प्रति 'लापरवाह और अहंकारी रवैया' दिखाया।



डीसी स्टूडियोज के सीईओ और चेयरपर्सन ने दिया इस्तीफा

लॉस एंजिलस। हॉलीवुड के मशहूर डीसी स्टूडियोज में बड़ा बदलाव हुआ है। जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने स्टूडियो के चेयरमैन और सीईओ पद पर छोड़ दिया है। उनकी जगह नवीन स्टूडियोज के पुराने साथी लेंगे। नवीन स्टूडियो के जेरेमी लेमन को नई जिम्मेदारी मिली है। कोरे दिनों डीसी स्टूडियोज से रिजाइन करने के बाद जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने कैरियर्स को याद किया। उन्होंने कहा, 'पर शाम पहले, हमने डीसी को एक क्रिएटिव सोच के तहत रीस्ट्रक्चर करने का फैसला लिया था। उस समय हमने 'सुपरमैन' को डीसी के दिल में वापस लाने में मदद की। इसके बाद ही 'पीसमेकर', 'क्रोनिक क्रसाडर्स', 'लैटरमैन' और 'क्लेयेंस' के जरिए फिल्मों और टेलीविजन में नए दरवाजे खोले और नई कहानियां दर्शकों तक पहुंचाईं। हमें उस पूरी टीम पर बेहद गर्व है, जिसने हमारे इस लक्ष्य को हकीकत में बदला। इसमें वो सभी कलाकार, क्रू मेंबर्स और अधिकारी शामिल हैं, जिनके साथ हमें काम करने का मौका मिला।



मातृभूमि के साथ आएगी इम्तियाज की 'ओ साथी रे'

मुंबई। सलमान खान की 'मातृभूमि' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' 4 दिसंबर को रिलीज होगी, जिनका बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। अब इसी वक्त इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी आ रही है। 2026 के आखिरी महीने यानी दिसंबर में कई बड़ी फिल्में आने वाली है। जिनका फिलहाल इंतजार हो रहा है। यू तो दिसंबर सलमान खान और शाहरुख खान के फैन्स के लिए बेहद खास है। जी हां, 4 दिसंबर को सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' आ रही है। वहीं, उस फिल्म का श्रद्धा कपूर की 'ईठा' से क्लैश होगा। साथ ही अब इस डेट पर इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी शेड्यूल हो गई है। पर यहां जो पेंच है, वो यह है कि फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। दरअसल, यह एक रोमांटिक ड्रामा सीरीज है, जिसे इम्तियाज अली ने बनाया और लिखा है। और वही इसके शो रनर भी है।



एक्टिंग छोड़ हर चीज में टांग अड़ा रहे एक्टर्स

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता करण जौहर ने बॉलीवुड में बढ़ती 'भेड़चाल' को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने सवाल उठाया है कि अभिनेता अपनी एक्टिंग पर ध्यान देने के बजाय, फिल्म निर्माण के हर पहलू में शामिल होने के लिए इतने उत्सुक क्यों रहते हैं। एक इंटरव्यू में, उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसे कई एक्टर्स मिले हैं जो कास्टिंग, बजट और प्रचार अभियानों में भी अपनी राय देना चाहते हैं। वे अपने निभाए जा रहे किरदारों के बजाय बॉक्स-ऑफिस के ट्रेंड्स को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे फिल्म इंडस्ट्री के काम करने के तरीके को लेकर चिंतित हैं, तो करण ने कहा कि उन्हें कलाकारों के बीच 'भेड़चाल' (सबको देखा-देखी चलने की प्रवृत्ति) को लेकर ज्यादा चिंता है। उन्होंने कहा कि कई कलाकार अब अपनी अंतरात्मा की नहीं सुनते, जैसा कि वे पहले किया करते थे।

टीवी मसाला



कृष्णा के आशियाने को देखती रह गईं अर्चना

नई दिल्ली। टीवी और कॉमेडी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कृष्णा अभिषेक अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। पर्दे पर उनका अंदाज जितना मस्तीभरा और रंगीन है, उनके घर की झलक भी कुछ वैसी ही नजर आती है। हाल ही में अभिनेत्री और टीवी पर्सनैलिटी अर्चना पूरन सिंह ने अपने यूट्यूब चैनल पर कृष्णा अभिषेक के घर का पूरा टूर कराया। सामने आए इस वीडियो में कृष्णा की पत्नी और अभिनेत्री कश्मीरा शाह के साथ उनके परिवार की निजी दुनिया देखने को मिली। घर की सजावट देखकर साफ पता चलता है कि इस कपल ने इसे किसी दिखावे के बजाय अपनी पसंद, आराम और परिवार की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया है। आमतौर पर बॉलीवुड और टीवी सितारों के घरों में सफेद रंग, महंगे फर्नीचर और बेहद सलीके से सजाए गए इंटीरियर देखने को मिलते हैं, लेकिन कृष्णा का घर इससे काफी अलग है।

बेटी का नाम घसीटने पर नाराज हुए जय

नई दिल्ली। बिग बॉस 20 जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, वे गेम और भी पेचीदा होता जा रहा है। कई कंटेस्टेंट के बीच जहां जबरदस्त झगड़ा देखने को मिल रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ काफी लोग ऐसे हैं, जिनके निशाने पर माही विज हैं। बीते दिनों हुए नॉमिनेशन और कैप्टेन्सी दोनों ही टास्क में माही विज बड़ी घरवालों के निशाने पर आईं। यहां तक कि जिस तरह से कैप्टेन्सी टास्क में माही विज को 7 साल की बेटी तारा भानुशाली का नाम घसीटा गया, उसे लेकर अब एक्ट्रेस के एक्स हसबैंड जय भानुशाली का गुस्सा फूटा है और उन्होंने एक बड़ी कसम ले ली है। माही विज जो रोबोट बनकर चेयर पर बैठी थीं, उन्हें कैप्टेन्सी टास्क में कुर्सी से उठाने के लिए जिस तरह से बंग डीएसर, उषिति सिंह और कनिका मान ने बेटी का नाम लेकर बुली किया, उसको लेकर जय भानुशाली ने नाराजगी व्यक्त की है।

ग्लोबल म्यूजिक स्टेज पर फिर छाएंगे दिलजीत, मैडोना संग करेंगे परफॉर्म



मुंबई। पंजाबी म्यूजिक का जलवा अब दुनियाभर में देखने को मिल रहा है। सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ एक बार फिर अपने म्यूजिक से इंटरनेशनल स्टेज पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। दिलजीत दुनिया के सबसे बड़े म्यूजिक फेस्टिवल्स में शामिल कोचेला वैली म्यूजिक एंड आर्ट्स फेस्टिवल 2027 में परफॉर्म करते नजर आएंगे। फेस्टिवल के आयोजकों ने अगले साल होने वाले इस इवेंट की कलाकारों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें दिलजीत के साथ दुआ लीपा, टेम इम्पाला और एसजेडए जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इसके अलावा पॉप म्यूजिक की दिग्गज सिंगर मैडोना, जेआईएसओ, फोएबे ब्रिजर्स और रोबिन भी इस फेस्टिवल का हिस्सा होंगी। कोचेला 2027 का आयोजन कैलिफोर्निया के इंडियो स्थित एम्पायर पोलो क्लब में होगा। यह फेस्टिवल दो वीकेंड में आयोजित किया जाएगा। पहला वीकेंड 9 से 11 अप्रैल और दूसरा वीकेंड 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। इस बार शुक्रवार को दुआ लीपा, शनिवार को टेम इम्पाला और रविवार को एसजेडए हेडलाइनर के तौर पर परफॉर्म करेंगे।

ये प्रेम मोल लिया का 'बुलाए छठी मां' गाना रिलीज



नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्मों में भी छठ पूजा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले फिल्म 'द बन' और अब फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में छठी मां की पूजा का महत्व दिखाया जाएगा। वहीं, मेकर्स ने छठ पूजा के पहले आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना रिलीज किया गया, जिसका नाम है 'बुलाए छठी मां'। गाने में आयुष्मान और शरवरी अपने पूरे परिवार के साथ छठ पूजा करते दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म के जरिए कई सालों बाद सूरज बड़जात्या ने हिमेश रेशमिया के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का निर्देशन सूरज आर. बड़जात्या ने किया है और इसे राजश्री प्रोडक्शंस ने महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। ये फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसे राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स द्वारा एक बड़े पर्दे की फैमिली एंटरटेनर के तौर पर पेश किया जा रहा है।

आस्था के साथ लोगों की भावनाओं से भी जुड़ा है छठ महापर्व

उदित, सोनू समेत इन बॉलीवुड सिंगर्स ने गाए छठी मैया के गीत

नई दिल्ली। छठ महापर्व की तैयारी शुरू हो गई है। देशभर में इस लोक त्योहार को हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। आस्था के साथ ये लोगों की भावनाओं से भी जुड़ा महापर्व है। इस त्योहार पर गीतों का अहम योगदान रहा है। शारदा सिन्हा की आवाज में गाए उनके छठ गीत आंखों में आंसू ले आते हैं। लेकिन, बॉलीवुड के भी ऐसे कई बड़े सिंगर्स हैं जिन्होंने छठी मैया के लिए गीत गाए हैं। इन सिंगर्स के गाए इन गीतों ने ना सिर्फ ऑडियंस को प्रभावित किया, बल्कि इन गीतों ने उन्हें रुतबा दिया।



लता मंगेशकर ने साल 1961 में आई में आई फिल्म मैया ने छठी मैया के लिए पहली गीत 'चुपले चरिअरवे' गाया था। ये तो पहला छठ गीत था जिसे दिलचस्प गाया था। फिल्म बात ये गीत मगही भाषा में था जो करीब 65 साल बाद भी अपनी अलग छाप छोड़े हुए है।



हिंदी फिल्मों में कई शानदार गीत देने वाले सिंगर सोनू निगम ने भी छठी मैया के लिए गाना गाया हुआ है। सिंगर की आवाज में आपको 'जय छठी मैया' सुनने को मिल जाएगा। उनके गाए ये गीत फल्म निश्चय ने भी गाया था। सोनू निगम की आवाज में इस गाने को खूब पसंद किया गया।



उदित नारायण बिहार से रहने वाले हैं। उन्हें छठ महापर्व और इससे जुड़ी भावनाओं की गहरी समझ रखते हैं। सिंगर ने छठ के महापर्व पर खूबसूरत गाने गाए हैं जिसके बोल हैं 'खरना छठ माईजी', 'छठ्ठी मईया तोहार', 'छठी मईं आवत तोहार', 'छठी मईं हउवें हो', 'तोरे तू कलू खोरनी अदित्य नरायन' और 'पहिले पहिल छठी मइया'। ये गीत से लेकर लोगों के बीच खूब पसंद किए गया।



अनुराधा पौडवाल अक्सि गीत गाने के लिए जानी जाती हैं। 90 के दशक में सिंगर ने कई टी-सीरीज के लिए कई ऐसे भक्ति गीत गाए जो आज भी मशहूर हैं। उनकी इस लिस्ट में छठ के गाने भी हैं। उनकी मधुर आवाज में छठी मैया के लिए 'जिहें सूरज देव', 'जय हो छठ के बहंगिया', 'जय कनहाय', 'जय हो छठ' मइया रे सुनत रहुए तेरे पास हम तन मन धन से', 'हे छठी मईया जैसे गाने गाए खूब सुने गया।



बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल फिल्मों के लिए कई शानदार गाने गाए हैं। लेकिन उनकी आवाज में छठी मैया का गीत 'छठी माई के आस', 'जोड़े जोड़े फलवा', 'के करेली छठ बरतिया', 'कहते कार्तिकाया हो दीनानाथ' खूब मशहूर हुए।



बॉलीवुड की मशहूर सिंगर आशा भोसले ने अपने सिंगिंग करियर में छठी मैया के लिए भी गीत गाए हैं। साल 1979 में आई भोजपुरी फिल्म छठी 'मईया की महिमा' में छठ गाना 'सविता सगरे' गाया था। ये गाना आज भी पॉपुलर है।



सुर कोकिला लता मंगेशकर ने कई भाषाओं में गीत गाए हैं। इसमें कई लोक और भक्ति गीत भी शामिल हैं। सिंगर ने एक गाना गाया था जिसका नाम था 'मेरे मायके का सिंदूर अजर रखना मैया'।